उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित

# UPSSSC PET

## (Preliminary Eligibility Test)

# सॉल्वड पेपर्स

एवं

# प्रैक्टिस बुक

**प्रधान सम्पादक**
आनन्द कुमार महाजन

**लेखन सहयोग**
सूर्य प्रकाश तिवारी

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**
बालकृष्ण, चरन सिंह

**संपादकीय कार्यालय**
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
**9415650134**
**Email : yctap12@gmail.com**
**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**
**© All rights reserved with Publisher**
**yct books official**

**प्रकाशन घोषणा**
प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP Youth Prime BOOKS, से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) Preliminary Eligibility Test

### सॉल्व्ड पेपर्स

**भाग-1**


- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) - 2023 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 28-10-2023, Shift-I)....1-16
- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) - 2023 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 28-10-2023, Shift-II)....17-32
- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) - 2023 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 29-10-2023, Shift-I)....33-48
- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) - 2023 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 29-10-2023, Shift-II)....49-64


**भाग-2**


- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) - 2022 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 15-10-2022, Shift-I)....1-14
- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) - 2022 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 15-10-2022, Shift-II)....15-32
- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) - 2022 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 16-10-2022, Shift-I)....33-48
- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) - 2022 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 16-10-2022, Shift-II)....49-64


**भाग-3**


- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) - 2021 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 24-08-2021, Shift-I)....4-17
- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) - 2021 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 24-08-2021, Shift-II)....18-33


### प्रैक्टिस सेट


- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-1 : व्याख्या सहित हल....34-46
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-2 : व्याख्या सहित हल....47-59
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-3 : व्याख्या सहित हल....60-72
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-4 : व्याख्या सहित हल....73-85
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-5 : व्याख्या सहित हल....86-98
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-6 : व्याख्या सहित हल....99-111
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-7 : व्याख्या सहित हल....112-124
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-8 : व्याख्या सहित हल....125-136
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-9 : व्याख्या सहित हल....137-148
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-10 : व्याख्या सहित हल....149-161
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-11 : व्याख्या सहित हल....162-174
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-12 : व्याख्या सहित हल....175-186
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-13 : व्याख्या सहित हल....187-199
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-14 : व्याख्या सहित हल....200-212
- प्रारम्भिक पात्रता परीक्षण (PET) प्रैक्टिस सेट-15 : व्याख्या सहित हल....213-224

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

# प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) - 2023

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** **(परीक्षा तिथि : 28-10-2023, Shift-I)**

**1. After Shivaji's death, effective power in the Maratha state was wielded by a family of Chitpavan Brahmanas who served Shivaji's successors as Peshwa (or principal minister), which city became the capital of the Maratha kingdom?/शिवाजी की मृत्यु के बाद, मराठा राज्य में प्रभावी शक्ति चितपावन ब्राह्मणों के एक परिवार के पास थी, जिन्होंने शिवाजी के उत्तराधिकारियों को पेशवा (या प्रधानमंत्री) के रूप में सेवा दी थी, कौन सा शहर मराठा साम्राज्य की राजधानी बन गया?**

(a) Satara/सतारा (b) Nagpur/नागपुर
(c) Nashik/नासिक (d) Poona (Pune)/पूना (पुणे)

**Ans. (d) :** 1713 ई. में छत्रपति शाहू ने कोंकण क्षेत्र के चितपावन ब्राह्मण बालाजी विश्वनाथ को अपना पेशवा घोषित किया। इससे मराठा साम्राज्य का पेशवा युग प्रारंभ हुआ। इस काल के दौरान 'पुणे/पूना' मराठा साम्राज्य की राजधानी बन गयी। ध्यातव्य है कि शिवाजी की मृत्यु 1680 ई. में हुई तथा इनकी राजधानी रायगढ़ थी।

**2. Mahavir Swami became known as "Jina", what does "Jina" mean?/महावीर स्वामी को ''जिन'' के नाम से जाना जाने लगा, ''जिन'' का क्या अर्थ है?**

(a) The Conqueror/विजेता
(b) The great soul/महान आत्मा
(c) The God/भगवान
(d) Non-violent /अहिंसक

**Ans. (a) :** जैन धर्म के 24वें एवं अन्तिम तीर्थंकर महावीर स्वामी को कैवल्य की प्राप्ति के बाद 'जिन' उपाधि से विभूषित किया गया। यहाँ 'जिन' का अर्थ 'विजेता' है। 'जिन' के अतिरिक्त उन्हें 'अर्ह' (योग्य), निर्गंथ (बंधन रहित), 'केवलिन' आदि उपाधियाँ प्राप्त थी। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ या ऋषभदेव थे।

**3. As mentioned in Asokan inscriptions, there were five major political centres in the Mauryan empire including the capital Pataliputra and other four provincial centres. Which among the following was not the provincial centre?/जैसा कि अशोक के शिलालेखों में उल्लेख किया गया है, मौर्य साम्राज्य में राजधानी पाटलिपुत्र और अन्य चार प्रांतीय केंद्रों सहित पाँच प्रमुख राजनीतिक केंद्र थे। निम्नलिखित में से कौन-सा प्रांतीय केंद्र नहीं था?**

(a) Taxila/तक्षशिला (b) Ujjaiyini/उज्जयिनी
(c) Suvarnagiri/सुवर्णगिरि (d) Indraprastha /इंद्रप्रस्थ

**Ans. (d) :** मौर्य साम्राज्य 5 प्रान्तों में विभाजित था जो निम्न है–

| **(प्रान्त)** | | **(राजधानी)** |
|---|---|---|
| उत्तरापथ | - | तक्षशिला |
| दक्षिणापथ | - | सुवर्णगिरि |
| अवन्ति | - | उज्जयिनी |
| प्राशी (पूर्वी प्रदेश) | - | पाटलिपुत्र |
| कलिंग | - | तोसली |

इन्द्रप्रस्थ मौर्यों का राजनीतिक केन्द्र नहीं था।

**4. Rigveda contains dialogue between a sage named Vishvamitra and which two rivers? ऋग्वेद में विश्वामित्र नामक एक ऋषि और किन दो नदियों के बीच संवाद है?**

(a) Sutlej and Chenab/सतलुज और चिनाब
(b) Beas and Sutlej/व्यास और सतलुज
(c) Chenab and Ravi/चिनाब और रावी
(d) Beas and Jhelum/व्यास और झेलम

**Ans. (b) :** ऋग्वेद के तीसरे मण्डल में 'विश्वामित्र-नदी कथा' नाम कथोपकथन में ऋषि विश्वामित्र एवं शतुद्री और विपाशा नामक नदियों के मध्य संवाद का वर्णन है। इन दोनों नदियों का वर्तमान नाम व्यास एवं सतलुज है।

**5. In 1772, the subadari of ______ was given to Sawai Raja Jai Singh./1722 में, ______ की सूबेदारी सवाई राजा जयसिंह को दी गई थी।**

(a) Amber/आमेर (b) Malwa/मालवा
(c) Lucknow/लखनऊ (d) Agra/आगरा

**Ans. (d) :** वर्ष 1722 में मुहम्मदशाह ने सवाई राजा जयसिंह को आगरा का सूबेदार नियुक्त किया एवं कुछ समय बाद में उन्हें मालवा का भी सूबेदार बना दिया गया। इन्हें 'सवाई' की पदवी फर्रुखशियर ने दी थी।

**6. Who among the following had exhorted his colleagues to realise that the Constituent Assembly was British-made and was "working on the British plans as the British liked it to be worked out"?/निम्नलिखित में से किसने अपने सहयोगियों को यह महसूस करने के लिए प्रेरित किया था कि संविधान सभा ब्रिटिश निर्मित थी और 'ब्रिटिश योजनाओं पर काम कर रही थी जैसा कि ब्रिटिश चाहते थे, इस पर काम किया जाए।''?**

(a) Sardar Vallabhbhai Patel/सरदार वल्लभभाई पटेल
(b) C. Rajagopalachari /सी. राजगोपालाचारी
(c) Abdur Nishtar/अब्दुर निश्तार
(d) Somnath Lahiri /सोमनाथ लाहिड़ी

**Ans. (d) :** सोमनाथ लाहिड़ी जो कि बंगाल से संविधान सभा के सदस्य एवं कम्युनिस्ट पार्टी के नेता थे इन्होंने अपने सहयोगियों को यह महसूस करने के लिए प्रेरित किया था कि संविधान सभा ब्रिटिश निर्मित थी और ''ब्रिटिश योजनाओं पर काम कर रही थी जैसा कि ब्रिटिश चाहते थे, इस पर काम किए जाए।''

**7. Chittaranjan Das & Motilal Nehru had formed which of the following political parties within the Congress to argue for a return to council politics?/चित्तरंजन दास और मोतीलाल नेहरू ने परिषद राजनीति में वापसी पर बहस करने के लिए कांग्रेस के भीतर निम्नलिखित में से किस राजनीतिक दल का गठन किया था?**

(a) The Indian League /दि इंडियन लीग
(b) Swaraj Party /स्वराज पार्टी

(c) Hindustan Socialist Republic Association
हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन
(d) The Bombay Presidency Association
दि बॉम्बे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन

**Ans. (b) :** सी.आर. दास और मोतीलाल नेहरू ने परिषद की राजनीति में वापसी पर बहस करने के लिए कांग्रेस के भीतर 'स्वराज पार्टी' का गठन किया। सितम्बर, 1923 में दिल्ली में हुए कांग्रेस के विशेष अधिवेशन में स्वराज पार्टी को मान्यता प्रदान की गई। पार्टी के अध्यक्ष सी.आर. दास तथा महासचिव मोतीलाल नेहरू थे।

**8. Where was the session of the Congress had taken place in which Mahatma Gandhi convinced other leaders about the need to start a non-cooperation movement in support of Khilafat as well as swaraj?/कांग्रेस का वह अधिवेशन कहाँ हुआ था जिसमें महात्मा गाँधी ने अन्य नेताओं को खिलाफत के साथ-साथ स्वराज के समर्थन में असहयोग आंदोलन शुरू करने की आवश्यकता के बारे में आश्वस्त किया था?**

(a) Bombay/बॉम्बे (b) Lahore/लाहौर
(c) Calcutta/कलकत्ता (d) Nagpur/नागपुर

**Ans. (c) :** असहयोग आंदोलन 1 अगस्त, 1920 में औपचारिक रूप से शुरू हुआ था और बाद में आंदोलन का प्रस्ताव कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में 4 सितम्बर, 1920 को प्रस्ताव पारित हुआ। जिसके बाद कांग्रेस ने इसे अपना औपचारिक आंदोलन स्वीकृत कर लिया।

**9. Who among the following was the founder of the "Khudai Khidmatgar" and is also known as Badshah Khan?/निम्नलिखित में से कौन ''खुदाई खिदमतगार'' का संस्थापक था और जिसे बादशाह खान के नाम से जाना जाता है?**

(a) Syed Ahmed Khan/सैयद अहमद खान
(b) Hakim Ajmal Khan /हकीम अजमल खान
(c) Maulana Abul Kalam Azad
मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
(d) Khan Abdul Ghaffar Khan
खान अब्दुल गफ्फार खान

**Ans. (d) :** उत्तर-पश्चिम-सीमा प्रांत में खान अब्दुल गफ्फार खान द्वारा गठित 'खुदाई खिदमतगार' पठान सत्याग्रहियों का दल था। जिसके द्वारा सविनय अवज्ञा के दौरान पेशावर में आन्दोलन का नेतृत्व किया गया। इसे लाल कुर्ती आन्दोलन के नाम से भी जाता है। गफ्फार खान को सीमांत गाँधी भी कहा जाता है।

**10. The Hindustan Gadar Party's headquarter was located at _____ in 1913./1913 में हिंदुस्तान गदर पार्टी का मुख्यालय _____ में स्थित था।**

(a) Delhi/दिल्ली
(b) Lahore /लाहौर
(c) Calcutta /कलकत्ता
(d) San Francisco/सैन फ्रांसिस्को

**Ans. (d) :** 1913 ई. में जब हिन्दुस्तान गदर पार्टी की स्थापना लाला हरदयाल एवं सोहन सिंह भाकना द्वारा हुई थी, उस समय उसका कार्यालय 436 हिल स्ट्रीट में था जिसे युगान्तर आश्रम नाम दिया गया था। ये स्थान **'सैन फ्रांसिस्को'** में है।

**11. Shirui (Siroy) Lilly is the only terrestrial Lilly found in which of the following states of India? शिरुई (सिरोय) कुमुदिनी/लिली भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में पाई जाने वाली एकमात्र स्थलीय कुमुदिनी/लिली है?**

(a) Assam/असम (b) West Bengal/पश्चिम बंगाल
(c) Manipur/मणिपुर (d) Tripura /त्रिपुरा

**Ans. (c) :** शिरुई (सिरोय) कुमुदिनी/लिली भारत के मणिपुर में पाई जाने वाली एकमात्र स्थलीय कुमुदिनी/लिली है। यह शिरुई पहाड़ियों से प्राप्त होती है। यह मणिपुर का राज्य पुष्प भी है।

**12. "Oriya Plateau" is situated in which of the following states of India?/''उड़िया पठार'' भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**

(a) Rajasthan/राजस्थान
(b) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(c) Karnataka/कर्नाटक
(d) Maharashtra /महाराष्ट्र

**Ans. (a) :** ''उड़िया पठार'' भारत के राजस्थान राज्य में स्थित है। यह इस राज्य का सबसे ऊँचा पठार है। यह राजस्थान के सिरोही जिले की माउन्ट आबू नामक स्थान पर स्थित है।

**13. What causes rainfall on the coastal areas of Tamil Nadu in the beginning of winters? शीत ऋतु की शुरुआत में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में वर्षा का क्या कारण है?**

(a) North-Eastern Monsoon/उत्तर-पूर्वी वर्षाऋतु (मानसून)
(b) Local Air Circulation /स्थानीय वायु परिसंचरण
(c) Temperate Cyclones /शीतोष्ण चक्रवात
(d) South-West Monsoon/दक्षिण-पश्चिम वर्षाऋतु (मानसून)

**Ans. (a) :** शीत ऋतु की शुरुआत में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में वर्षा उत्तर-पूर्वी मानसून के कारण होती है। यह भारत में अक्टूबर-नवम्बर में मानसून के लौटने के साथ ही मानसून के चलने की दिशा दक्षिण की ओर हो जाती है। इन लौटती हुई मानसूनी पवनों से पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु तथा केरल आदि राज्यों में शीत कालीन वर्षा होती है।

**14. Which type of granite is found in Jalore district of Rajasthan?/राजस्थान के जालौर जिले में किस प्रकार का ग्रेनाइट पाया जाता है?**

(a) Rakhee Green Granite/राखी ग्रीन ग्रेनाइट
(b) Merry Gold Granite/मेरी गोल्ड ग्रेनाइट
(c) Black Granite/काला ग्रेनाइट
(d) Rosy Pink Granite/रोज़ी पिंक (गुलाबी) ग्रेनाइट

**Ans. (d) :** राजस्थान के जालौर जिले में रोज़ी पिंक (गुलाबी) ग्रेनाइट पाया जाता है। यह भारत में उपलब्ध सबसे सस्ते ग्रेनाइट में से एक है और इसका उपयोग फर्श और काउंटर बनाने के लिए बहुतायत मात्रा में किया जाता है। इसे तुर्की और यूरोप जैसे देशों को निर्यात भी किया जाता है।

**15. Bandel Church constructed by Portuguese is located in which of the following states/UTs of India?/पुर्तगालियों द्वारा निर्मित बंदेल चर्च भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है?**

(a) Goa/गोवा (b) Puducherry/पुडुचेरी
(c) West Bengal/पश्चिम बंगाल (d) Odisha /ओडिशा

**Ans. (c) :** पुर्तगालियों द्वारा निर्मित बंदेल चर्च भारत के पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के बंदेल शहर में स्थित है। इसकी स्थापना 1599 में की गई थी। यह भारत के सबसे पुरान चर्चों में से एक है। इस चर्च को बेसिलिका ऑफ द होली रोजरी के नाम से भी जाना जाता है।

16. **Who approves the Fair and Remunerative Price (FRP) of sugarcane?/गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य (FRP) को कौन मंजूरी देता है?**

(a) Directorate of Marketing and Inspection, Ministry of Agriculture/विपणन और निरीक्षण निदेशालय, कृषि मंत्रालय
(b) The National Sugar Institute, Kanpur राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर
(c) Cabinet Committee on Economic Affairs आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति
(d) Commission for Agricultural Costs and Prices कृषि लागत और मूल्य आयोग

**Ans. (c) :** गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य (FRP) को मंजूरी कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की सिफारिश पर आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा प्रदान की जाती है।

17. **Which of the following is an Indian Labour Law and Social Security measure aimed at guaranteeing the "Right to work"?/निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारतीय श्रम कानून और सामाजिक सुरक्षा उपाय है, जिसका उद्देश्य ''काम करने का अधिकार'' (राइट टू वर्क) की गारंटी देना है?**

(a) Indian Institute of Management Act भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम
(b) Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act/महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम
(c) The Payment of Wages (Amendment) Act, 2017/वेतन भुगतान (संशोधन) अधिनियम, 2017
(d) Citizenship Act/नागरिकता अधिनियम

**Ans. (b) :** संविधान का अनुच्छेद-41 ''काम करने का अधिकार'' (Right to Work) का प्रावधान करता है। जिसे महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 व्यवहार में लाने का प्रयास करता है।

18. **"Golden Revolution" is responsible for the development in which of following agriculture sector in India?/''स्वर्ण क्रांति'' भारत में निम्नलिखित में से किस कृषि क्षेत्र में विकास के लिए जिम्मेदार है?**

(a) Horticulture /बागवानी
(b) Potato Production/आलू उत्पादन
(c) Petroleum Production /पेट्रोलियम उत्पादन
(d) Oil seed Production /तिलहन उत्पादन

**Ans. (a) :** वर्ष 1991 से 2003 के बीच की अवधि को भारत में स्वर्ण क्रांति (Golden Revoluation) की अवधि के रूप में जाना जाता है। स्वर्ण क्रांति शहद और बागवानी (Honey and Harticulture) से संबंधित है। तिलहन उत्पादन का सम्बन्ध पीली क्रान्ति से है।

19. **Where is the head office of Insurance Regulatory & Development Authority located? बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**

(a) Mumbai/मुंबई (b) New Delhi/नई दिल्ली
(c) Chennai/चेन्नई (d) Hyderabad/हैदराबाद

**Ans. (d) :** बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDA) का मुख्यालय हैदराबाद, तेलंगाना में है, यह वर्ष 2001 में दिल्ली से स्थानांतरित हुआ था। IRDA की स्थापना 2000 में हुई थी।

20. **Which of the following is not a type of Depository Institution?/निम्नखिलित में से कौन-सा डिपॉजिटरी संस्थान का एक प्रकार नहीं है?**

(a) NABARD /नाबार्ड
(b) Loan Association/ऋण संघ (लोन एसोसिएशन)
(c) Commercial Banks/वाणिज्यिक बैंक (कमर्शियल बैंक्स)
(d) Credit Co-operative Societies क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटीज़

**Ans. (a) :** नाबार्ड एक डिपॉजिटरी संस्थान का प्रकार नहीं है। यह 12 जुलाई, 1982 को 'भारतीय रिजर्व बैंक' के कृषि ऋण कार्यों और तत्कालीन कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के पुनर्वित्त कार्यों को स्थानांतरित करके अस्तित्व में आया था।

21. **With the passing of the Indian Independence Act 1947 India became a Dominion and the Dominion Legislature made laws from 1947 to 1949 under the provisions of which section of the Government of India Act 1935? भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 के पारित होने के साथ भारत एक अधिराज्य बन गया और अधिराज्य विधानमंडल ने भारत सरकार अधिनियम, 1935 की किस धारा के प्रावधानों के तहत 1947 से 1949 तक कानून बनाए?**

(a) Section 100/धारा 100
(b) Section 101/धारा 101
(c) Section 135/धारा 135
(d) Section 130/धारा 130

**Ans. (a) :** भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 के पारित होने के साथ भारत एक अधिराज्य बन गया और अधिराज्य विधानमंडल ने भारत सरकार अधिनियम, 1935 की धारा 100 के प्रावधानों के तहत 1947 से 1949 तक कानून बनाये।

22. **A person who is not a member of Parliament can be appointed as a Minister by the President for a maximum period of how many months?/एक व्यक्ति जो संसद का सदस्य नहीं है, उसे राष्ट्रपति द्वारा अधिकतम कितने महीनों के लिए मंत्री के रूप में नियुक्त किया जा सकता है?**

(a) 3 months /3 महीने (b) 6 months /6 महीने
(c) 9 months /9 महीने (d) 12 months /12 महीने

**Ans. (b) :** बिना संसद सदस्य बने किसी व्यक्ति को राष्ट्रपति अधिकतम 6 माह के लिए मंत्री नियुक्त कर सकता है। 6 माह बीत जाने पर यदि कोई मंत्री संसद का सदस्य नहीं बन पाता तो उसे अपने पद से त्याग पत्र देना पड़ेगा।

23. **Name the high court that has jurisdiction over the Union Territory of the Andaman and Nicobar Islands./उस उच्च न्यायालय का नाम बताइए, जिसका क्षेत्राधिकार अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के केंद्रशासित प्रदेश पर है।**

(a) The Calcutta High Court/कलकत्ता उच्च न्यायालय
(b) The Delhi High Court /दिल्ली उच्च न्यायालय
(c) The Madras High Court /मद्रास उच्च न्यायालय
(d) The Andhra Pradesh High Court आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय

**Ans. (a) :** कलकत्ता उच्च न्यायालय की स्थापना 1862 में की गयी थी। इसका क्षेत्राधिकार पश्चिम बंगाल राज्य के साथ-साथ अंडमान और निकोबार द्वीप समूह केंद्र शासित प्रदेश पर भी है।

**24. When 73rd and 74th Constitutional amendments were passed by the Parliament of India for the existence of Panchayati Raj Institution?**
**पंचायती राज संस्थाओं के अस्तित्व के लिए भारत की संसद द्वारा 73वाँ और 74वाँ संवैधानिक संशोधन कब पारित किया गया?**

(a) October, 1973/अक्टूबर, 1973
(b) November, 1952/नवंबर, 1952
(c) December, 1992/दिसंबर, 1992
(d) December, 1973/दिसंबर, 1973

**Ans. (c) :** पंचायती राज संस्थाओं के अस्तित्व के लिए भारत की संसद द्वारा 73वाँ और 74वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम दिसम्बर, 1992 में पारित हुआ था जबकि इसे 24 अप्रैल, 1993 से लागू किया गया था।

**25. Which among the following acts/bills were proposed by the Motilal Nehru Committee in the year 1928?/वर्ष 1928 में मोतीलाल नेहरू समिति द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम/विधेयक प्रस्तावित किया गया था?**

(a) Ilbert Bill/इल्बर्ट बिल
(b) Bill of rights /अधिकारों का बिल
(c) Criminal Tribes Act
आपराधिक जनजाति अधिनिमय
(d) Sindh Land Aviation Bill
सिंध भूमि उड्डयन विधेयक

**Ans. (b) :** वर्ष 1928 में मोतीलाल नेहरू समिति द्वारा अधिकारों का बिल विधेयक प्रस्तावित किया गया था। इस रिपोर्ट की अन्य सिफारिशें निम्न प्रकार थी।
* भारत को डोमिनियन राज्य का दर्जा।
* भारत का एक संघ हो, जिसके नियंत्रण में केन्द्र में द्विसदनीय, विधानमण्डल हो, गवर्नर जनरल की स्थिति संवैधानिक मुखिया भर की रहे।

**26. Which one of the following is correct regarding larynx?/स्वरयंत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

(a) It houses the vocal cords./इसमें स्वर रज्जु होते हैं।
(b) It is a bony box./यह एक हड्डीदार बक्सा है।
(c) It prevents the invading pathogens into the trachea./यह श्वासनली में आक्रमण करने वाले रोगजनकों को रोकता है।
(d) It is an organ made of cartilage and connects the pharynx to the trachea./यह उपास्थि से बना एक अंग है और ग्रसनी को स्वासनली से जोड़ता है।

**Ans.(*) :** स्वरयंत्र श्वसन तंत्र का एक कार्टिलॉजिनस खंड है जो गर्दन के अग्रभाग में स्थित होता है। स्वरयंत्र का प्राथमिक कार्य। सांस लेते समय निचले श्वसन पथ को श्वासनली में भोजन के प्रवेश से बचाता है। इसमें स्वर रज्जु भी शामिल है। यह एक कार्टिलाजिनस कंकाल है।

**27. Milk of Magnesia is which type of colloid?**
**'मिल्क ऑफ मैग्नीशिया' किस प्रकार का कोलाइड है?**

(a) Solid Sol/ठोस सोल (b) Sol/सोल
(c) Aerosol/एरोसोल (d) Emulsion/इमल्शन

**Ans. (b) :** मिल्क ऑफ मैग्नीशिया सोल प्रकार का कोलाइड है। इसका उपयोग अपच, पेट की खराबी, सीने की जलन से राहत के लिए किया जाता है।

**28. Which of the following organic compound coagulates the protoplasm in the human body?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कार्बनिक यौगिक मानव शरीर में प्रोटोप्लाज्म को जमा देता है?**

(a) Methanoic Acid /मेथेनोइक एसिड
(b) Ethanol/इथेनॉल
(c) Methanal/मेथैनॉल
(d) Propanone/प्रोपेनॉन

**Ans. (c) :** मेथेनॉल कार्बनिक यौगिक मानव शरीर में प्रोटोप्लाज्म को जमा देता है। इसका उपयोग उद्योगों, फार्मास्यूटिकल्स, निर्माण, खाद्य उद्योग आदि में किया जाता है। यह मुख्य रूप से मेथैनॉल के ऑक्सीकरण द्वारा तैयार किया जाता है।

**29. Which of the following is the only Dwarf planet located in the inner Solar System?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा आंतरिक सौर मंडल में स्थित एकमात्र बौना ग्रह है?**

(a) Makemake/मेकमेक (b) Ceres/सेरेस
(c) Pluto/प्लूटो (d) Haumea/हौमिया

**Ans. (b) :** सेरेस आंतरिक सौर मंडल में मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के मध्य स्थित एकमात्र बौना ग्रह है। यह क्षुद्रग्रह का पहला सदस्य था जिसे 1801 में ग्युसेप पियाजी द्वारा देखा गया था, इसके तहत बुध, शुक्र, पृथ्वी और मंगल ग्रह शामिल किया जाता है। इसका व्यास लगभग 950 किमी. जो पृथ्वी के चन्द्रमा के एक-चौथाई से भी अधिक है वैज्ञानिकों ने 2006 में इसे बौने ग्रह के रूप में वर्गीकृत किया गया था।

**30. Which of the following acids is present in the stinging hair of nettle leaves?**
**बिछुआ (नेटल) की पत्तियों के चुभने वाले बालों में निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल मौजूद होता है?**

(a) Methanoic Acid/मेथैनोइक अम्ल
(b) Ethanoic Acid/एथेनोइक अम्ल
(c) Oxalic Acid/ऑक्सालिक अम्ल
(d) Ascorbic Acid/एस्कॉर्बिक अम्ल

**Ans. (a) :** बिछुआ (नेटल) की पत्तियों के चुभने वाले बालों में मेथैनोइक अम्ल मौजूद होता है। फार्मिक एसिड जिसे फार्मेलिक एसिड या मेथैनोइक एसिड के रूप में जाना जाता है। यह रंगहीन तरल है। तीखी गंध, स्वाद खट्टा होता है।

**31. In the England-New Zealand one day match, due to rain, England needed 324 runs in 48 overs to win. In initial 10 overs, the average scoring rate was 6, but in next 10 overs it increased to 8.5. It then declined to 5.5 in next 10 overs and again rose to 7 in next 10 overs. To win the match now what average is needed?**
**इंग्लैंड-न्यूजीलैंड वन डे मैच में बारिश के कारण इंग्लैड को जीत के लिए 48 ओवर में 324 रन चाहिए थे। शुरुआती 10 ओवर में औसत स्कोरिंग रेट 6 था, लेकिन अगले 10 ओवर में यह बढ़कर 8.5 हो गया। इसके बाद अगले 10 ओवर में यह गिरकर 5.5 पर आ गया और अगले 10 ओवर में फिर बढ़कर 7 पर पहुँच गया। अब मैच जीतने के लिए किस औसत की जरूरत है?**

(a) 8.25 (b) 6.75
(c) 7.75 (d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** दिया है-
इंग्लैण्ड को जीत के लिए 48 ओवर में 324 रन चाहिए थे।
प्रश्नानुसार,
शुरुआती 10 ओवर में कुल रन = 10×6 = 60
अगले 10 ओवर में कुल रन = 10×8.5 = 85
अगले 10 ओवर में कुल रन = 10×5.5= 55
अगले 10 ओवर में कुल रन = 10×7 = 70
40 ओवर में कुल रन = 60+85+55+70 = 270
मैच जीतने के लिए 8 ओवर में, 324 – 270 = 54 रन
अतः जरूरी औसत रन $= \frac{54}{8} = 6.75$

**32. Which of the following is in descending order? निम्नलिखित में से कौन सा अवरोही क्रम में है?**
(a) 5/8; 9/13; 11/17 (b) 5/8; 11/17; 9/13
(c) 9/13; 11/17; 5/8 (d) 11/17; 9/13; 5/8

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार,
$$\frac{5}{8} = 0.625,\ \frac{9}{13} = 0.692,\ \frac{11}{17} = 0.647$$
अवरोही क्रम = 0.692 > 0.647 > 0.625
$$= \frac{9}{13} > \frac{11}{17} > \frac{5}{8}$$

**33. Square root of $\frac{0.081}{0.0064} \times \frac{0.484}{6.25} \times \frac{2.5}{21.1}$ is:**
**$\frac{0.081}{0.0064} \times \frac{0.484}{6.25} \times \frac{2.5}{21.1}$ का वर्गमूल है:**
(a) 0.45 (b) 0.34
(c) 0.75 (d) 0.55

**Ans. (b) :** प्रश्नानुसार,
$$= \sqrt{\frac{0.081}{0.0064} \times \frac{0.484}{6.25} \times \frac{2.5}{21.1}}$$
$$= \sqrt{\frac{81}{64} \times \frac{484}{625} \times \frac{25}{211}} = \frac{9}{8} \times \frac{22}{25} \times \frac{5}{14.5} = 0.34$$

**34. The value of $\left(8^{-1} - 9^{-1}\right)^{-1} \div \left(4^{-1} - 9^{-1}\right)^{-1}$ is:**
**$\left(8^{-1} - 9^{-1}\right)^{-1} \div \left(4^{-1} - 9^{-1}\right)^{-1}$ का मान है:**
(a) 20 (b) 25
(c) 15 (d) 10

**Ans. (d) :** प्रश्नानुसार,
$$= \left(8^{-1} - 9^{-1}\right)^{-1} \div \left(4^{-1} - 9^{-1}\right)^{-1}$$
$$= \left(\frac{1}{8} - \frac{1}{9}\right)^{-1} \div \left(\frac{1}{4} - \frac{1}{9}\right)^{-1} = \left(\frac{1}{72}\right)^{-1} \div \left(\frac{5}{36}\right)^{-1}$$
$$= 72 \div \frac{36}{5} = 72 \times \frac{5}{36} = 10$$

**35. Divya spends 24% of her monthly salary on food and 15% on the education of her children. Of the remaining salary, she sends 25% on entertainment and 20% on conveyance. She is now left with ₹ 10,736. What is the monthly salary of Divya?/दिव्या अपने मासिक वेतन का 24% भोजन पर और 15% अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करती है। शेष वेतन में से वह 25% मनोरंजन पर और 20% परिवहन पर खर्च करती है। अब उसके पास बचे ₹ 10,736 हैं। दिव्या का मासिक वेतन कितना है?**
(a) ₹ 32,000 (b) ₹ 30,200
(c) ₹ 30,000 (d) ₹ 32,500

**Ans. (a) :** माना दिव्या का मासिक वेतन $100x$ है।
प्रश्नानुसार,
दिव्या भोजन और बच्चों की शिक्षा पर खर्च = (24+15) = 39%
शेष वेतन = कुल वेतन – खर्च
$\Rightarrow 100x - 39x = 61x$
अब मनोरंजन और परिवहन पर खर्च = (25+20) % = 45%
शेष वेतन $= \left(61x - 61x \times \frac{45}{100}\right) = 33.55x$
अतः $33.55x = 10736$
$x = 320$
दिव्या का मासिक वेतन = $100x = 100 \times 320$ = ₹32000

**36. निम्नलिखित में से किस विकल्प में विलोम-युग्म सही नहीं है?**
(a) औचक-अकसर (b) डाँवाँडोल-अस्थिर
(c) झिड़कना-पुचकारना (d) गाफिल-खबरदार

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में विकल्प 'डाँवाँडोल-अस्थिर' विलोम युग्म सही नहीं है। सही विलोम युग्म 'डाँवाँडोल-स्थिर' होगा। अन्य सभी विकल्प संगत हैं।

**37. 'होनहार बिरवान के होते चिकने पात' लोकोक्ति का अर्थ निम्न में से क्या है?**
(a) होनहार व्यक्ति सदा दिखावा करता है।
(b) होनहार व्यक्ति हमेशा दूसरों के दोष निकालता हैं
(c) होनहार व्यक्ति बहुत ही परिश्रम करता है।
(d) होनहार व्यक्तियों की प्रतिभा बचपन में ही दिखाई दे जाती है।

**Ans. (d) :** प्रश्नगत लोकोक्ति 'होनहार बिरवान के होते चिकने पात' का अर्थ होगा- होनहार व्यक्तियों की प्रतिभा बचपन में ही दिखाई दे जाती है।

**38. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द पुल्लिंग हैं?**
(a) संचार, पालन, ग्रीवा
(b) मनुष्यत्व, बनावट, रौनक
(c) पतलून, झल्लाहट, अक्षुण्णता
(d) प्लेटफार्म, प्राधिकरण, गिरोह

**Ans. (d) :** दिये गये प्रश्न में प्लेटफार्म, प्राधिकरण, गिरोह शब्द पुल्लिंग हैं। अन्य सभी विकल्प असंगत हैं।

**39. निम्नलिखित में से किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है?**
(a) महादेवी छायावादी कवयित्रि है।
(b) जब भी आप आओ, मुझे मिलें।
(c) आपका दर्शन पाकर मै धन्य हो गया।
(d) रमा ने अपने भाई से पुस्तक पढ़ने को कहा।

**Ans. (d) :** दिये गये विकल्पों में 'रमा ने अपने भाई से पुस्तक पढ़ने को कहा।' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्पगत वाक्यों का शुद्ध रूप होगा-
**अशुद्ध वाक्य-** महादेवी छायावादी कवयित्रि है।
**शुद्ध वाक्य-** महादेवी छायावादी कवयित्री हैं।
**अशुद्ध वाक्य-** जब भी आप आओ, मुझे मिलें।
**शुद्ध वाक्य-** आप जब आयें, तो मुझसे मिलें।
**अशुद्ध वाक्य-** आपका दर्शन पाकर मै धन्य हो गया।
**शुद्ध वाक्य-** आपके दर्शन पाकर मै धन्य हो गया।

40. ‘कलम के जादूगर’ किसे कहा गया है?
(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) सुमित्रानंदन पंत
(c) रामवृक्ष बेनीपुरी (d) मुंशी प्रेमचन्द

**Ans. (c) :** ‘रामवृक्ष बेनीपुरी’ को ‘कलम का जादूगर’ कहा गया है। जबकि सुमित्रानन्दन पंत को ‘प्रकृति का सुकुमार कवि’ और मुंशी प्रेमचन्द को ‘कथा सम्राट’ तथा मैथिलीशरण गुप्त को ‘राष्ट्रकवि’ कहा जाता है।

**41. Choose the antonym of underlined word from the given options:**
**He is very fastidious about his choice of food.**
(a) Careful (b) Thoughtless
(c) Careless (d) Indiscreet

**Ans. (c) :** दिए गए वाक्य के रेखांकित शब्द fastidious- (नखरेबाज, नकचढ़ा) का Antonym विकल्प (c) Careless- (लापरवाह) होगा।
अन्य विकल्पों के अर्थ है-
Thoughtless – विचारविहीन, Careful - सजग
Indiscreet -असावधान

**42. Put the correct form of the verb:**
**I am the person who _____ to be blamed.**
(a) am (b) are (c) is (d) were

**Ans. (c) :** उपर्युक्त वाक्य के रिक्त स्थान में विकल्प (c) is का प्रयोग उपयुक्त होगा क्योंकि Singular Subject के साथ Singular verb का प्रयोग होता है।
**Correct Sentence-**
I am the person who is to be blamed.

**43. Which of the following spellings is incorrect?**
(a) Journey (b) Amateur
(c) Beneficiary (d) Aniversary

**Ans. (d) :** विकल्प (d) Aniversary की वर्तनी अशुद्ध है इसकी शुद्ध वर्तनी Anniversary - (शादी की सालगिरह) होगी।
अन्य विकल्पों के अर्थ हैं-
Journey -यात्रा, Amateur –शौकिया, Beneficiary -लाभार्थी

**Read the following paragraph and answer the following questions: (Q. 44 and 45)**

India is marked by a diversity of physical features such as mountains, plateaus, plains, coasts and islands. Standing as sentinels in the north are the lofty snow-capped Himalayas. Him+alaya mean 'the abode of snow'. The Himalayan mountains are divided into three main parallel ranges. The northernmost is the Great Himalaya or Himadri. The world's highest peaks are located in this range. Middle Himalaya or Himachal lies to the south of Himadri. Many popular hill stations are situated here. The Shiwalik is the southernmost range. The northern Indian plains lie to the south of the Himalayas. They are generally level and flat. These are formed by the alluvial deposits laid down by the rivers – The Indus, The Ganga, The Brahmaputra and their tributaries. These river plains provide fertile land for cultivation. That is the reason for high concentration of population in these plains.

**44. World's highest peaks are located in the ____.**
(a) Shiwalik range (b) Himadri range
(c) Middle Himalaya (d) Southernmost range

**Ans. (b) :** उपरोक्त Passage के अनुसार दुनिया की सबसे ऊँची पर्वत चोटियां विकल्प (b) Himadri range में हैं जो कि Passage की इन पंक्तियों ‘The northernmost is the great Himalaya or Himadri. The world's highest peaks are located in this range’ से स्पष्ट है।

**45. Northern Indian plains are rich in**
(a) Alluvial deposits (b) Iron ore deposits
(c) Diamond mines (d) Copper deposits


**Ans. (a) :** उपरोक्त Passage के अनुसार, उत्तर भारतीय मैदान, विकल्प (a) Alluvial deposits- (जलोढ़ मिट्टी) से समृद्ध है। जो कि Passage की इन पंक्तियों The northern Indian plains lie to the south of Himalayas. They are genrally level and flat. They are formed by the alluvial deposits laid down by the reivers से स्पष्ट है।

**46. In a certain code language, '@' represents '+', '⊕' represents '–', 'α' represents '÷' and 'θ' represents '×'./एक निश्चित कूट भाषा में, '@' '+' को दर्शाता है, '⊕' '–' को दर्शाता है, 'α' '÷' को दर्शाता है 'θ' '×' और को दर्शाता है।**
**Find out the answer to the following question:/निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर खोजें:**
**8900 α 100 ⊕ 5 θ 4 ⊕ 121 α 11 = ?**
(a) 58 (b) 158
(c) 62 (d) 205

**Ans. (a) : 8900 α 100 ⊕ 5 θ 4 ⊕ 121 α 11 = ?**
@ → +
⊕ → –
α → ÷
θ → ×
चिह्नों को रखने पर,
8900 ÷ 100 – 5 × 4 – 121 ÷ 11 = ?
89 – 20 – 11= ?
89 – 31 = ?
? = 58

**47. Find out the wrong number in the given sequence of numbers:/संख्याओं के दिए गए क्रम में से गलत संख्या ज्ञात कीजिए:**
**582, 605, 588, 611, 634, 617, 600**
(a) 611 (b) 605
(c) 600 (d) 634

**Ans. (d) :** दी गयी संख्याओं का क्रम है-




अतः गलत संख्या = 634


**48. What was the day of the week on 17th June, 1998?/17 जून, 1998 को सप्ताह का कौन सा दिन था?**
(a) Monday/सोमवार (b) Thursday/गुरुवार
(c) Wednesday/बुधवार (d) Tuesday/मंगलवार

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार,
1999+2000 में विषम दिनों की संख्या = 1+2= 3
17 जून 1998 के बाद वर्ष 1998 में शेष दिन
= 13+31+31+30+31+30+31 = 197
= 28 सप्ताह + 1 विषम दिन
अतः विषम दिनों की कुल संख्या = 1+3 = 4 दिन
इस प्रकार, 17 जून 1998 को बुधवार था।
अतः विकल्प (c) सही होगा।

49. **If A + B means A is the mother of B; A–B means A is the brother of B; A % B means A is the father of B and A × B means A is the sister of B, which of the following shows that P is the maternal uncle of Q?/यदि A + B का अर्थ है कि A, B की माँ है; A – B का अर्थ है कि A, B का भाई है; A % B का अर्थ है कि A, B का पिता है और A × B अर्थ है कि A, B की बहन है निम्नलिखित में से कौन सा दर्शाता है कि P, Q का मामा है?**

(a) Q – N + M × P (b) Q – S % P
(c) P + S × N (d) P – M + N × Q

**Ans. (d) :** विकल्प 'd' से रक्त संबंध आरेख बनाने पर




अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि P, Q का मामा है।

50. **In the question below tow statements followed by two conclusions numbered I and II are given. You have to take the given two statements to be true even if they seem to be at variance from commonly known facts. Read the conclusions and then decide which of the given conclusions logically follows from the two given statements, disregarding commonly known facts./नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए दोनों कथनो को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न-प्रतीत होते हों। निष्कर्षों को पढ़ें और फिर तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से सामान्य ज्ञात तथ्यों को नजरअंदाज करते हुए दिए गए दो कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।/करते हैं।**

**Statements: All poles are guns. Some boats are not poles./ कथनः सभी डंडे बंदूकें हैं। कुछ नावें डंडे नहीं हैं।**


**Conclusions:/निष्कर्षः**

**I. All guns are boats./सभी बंदूकें नावें हैं।**

**II. Some boats are not guns./कुछ नावें बंदूकें नहीं हैं।**

(a) If only conclusion I follows.
यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) If only conclusion II follows.
यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) If either I or II follows.
यदि या तो I या II अनुसरण करता है।
(d) If neither I nor II follows.
यदि न तो I और न ही II अनुसरण करता है।

**Ans. (d) :** कथनानुसार वेन आरेख निम्नवत् है-




निष्कर्ष — I. (×) II. (×)

अतः आरेख से स्पष्ट है कि न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

51. **Recently, Shubhankar Sharma, Indian golfer has recorded the best result at the Open after finishing in tied-eighth position at the Royal Liverpool Golf Club in Merseyside, England. In which year he was conferred the Arjuna Award?/हाल ही में, भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने इंग्लैंड के मर्सीसाइड में रॉयल लिवरपूल गोल्फ क्लब में संयुक्त आठवें स्थान पर रहने के बाद ओपन में सर्वश्रेष्ठ परिणाम दर्ज किया है। उन्हें किस वर्ष अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?**

(a) 2016 (b) 2018
(c) 202 (d) 2022

**Ans. (b) :** शुभंकर शर्मा भारत के पेशेवर गोल्फ खिलाड़ी हैं। इन्हें 2018 में अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया था। अर्जन अवार्ड दूसरा सबसे बड़ा खेल पुरस्कार है इसके तहत एक प्रशस्ति पत्र अर्जुन की कांस्य प्रतिमा एवं ₹ 15 लाख की राशि प्रदान की जाती है।

52. **Which among the following Government of India undertaken Corporation has become the first member to join "Asia Transition Finance Study Group" (ATFSG)?/भारत सरकार द्वारा संचालित निम्नलिखित में से कौन-सा निगम ''एशिया ट्रांजिशन फाइनेंस स्टडी ग्रुप'' (ATFSG) में शामिल होने वाला पहला सदस्य बन गया है?**

(a) India Infrastructure Finance Company Limited
इंडिया इंफ्रांस्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
(b) Industrial Finance Corporation Limited
औद्योगिक वित्त निगम लिमिटेड (इंडस्ट्रियल फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड)
(c) National Housing Bank
राष्ट्रीय आवास बैंक (नेशनल हाउसिंग बैंक)
(d) Power Finance Corporation Limited
पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

**Ans. (d) :** पावर फाइनेन्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड एशिया ट्रांजिशन फाइनेंस स्टडी ग्रुप (ATFSG) में शामिल होने वाली प्रथम भारतीय कम्पनी है। ATFSG को अक्टूबर 2021 में प्रारम्भ किया गया था पावर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड की स्थापना 1986 ई. में हुई थी। यह विद्युत क्षेत्र के महत्वपूर्ण वित्तीय स्तम्भ के रूप में कार्य करता है।

53. **During the closing ceremony of Startup-20 Gurugram, India officially handed over the torch to which among the following countries for the year 2024?/गुरुग्राम में स्टार्टअप-20 के समापन समारोह के दौरान, भारत ने आधिकारिक तौर पर वर्ष 2024 के लिए निम्नलिखित में से किस देश को मशाल सौंपी?**

(a) France/फ्रांस (b) Canada/कनाडा
(c) Brazil/ब्राजील (d) Germany /जर्मनी

**Ans. (c) :** स्टार्टअप 20 शिखर सम्मेलन का आयोजन हरियाणा के गुरुग्राम में जुलाई 2023 में किया गया था। स्टार्टअप 20 वैश्विक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर नवाचार, सहयोग, रणनीतिक गठबंधन को बढ़ावा देने के मंत्र के रूप में कार्य करता है।
इसके समापन अवसर पर स्टार्टअप 20 के अध्यक्ष डॉ. चिन्तन वैष्णव ने आधिकारिक तौर पर अगले जी-20 अध्यक्ष देश ब्राजील को मशाल सौंपी। स्टार्टअप 20 का अगला आयोजन जुलाई 2024 में ब्राजील में होगा।

**54. Which portal is lanuched by Chief Justice of India (CJI) D.Y. Chandrachud that allows advocates, litigants, citizens to request QR code-based e-passes to enter in Supreme Court of India?/भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ द्वारा कौन-सा पोर्टल लॉन्च किया गया है जो अधिवक्ताओं, वादियों, नागरिकों को भारत के सर्वोच्च न्यायालय में प्रवेश के लिए क्यूआर कोड-आधारित ई-पास का अनुरोध करने की अनुमति देता है?**

(a) SuAbhivadan/सुअभिवादन
(b) SuSwagatam /सुस्वागतम्
(c) SuPranam /सुप्रणाम
(d) SuSatkar/सुसत्कार

**Ans. (b) :** अगस्त 2023 में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने 'सुस्वागतम्' पोर्टल लांच किया। यह पोर्टल अधिवक्ताओं, वादियों, नागरिकों के आगमन/प्रवेश के लिए ई-पास जारी करता है।

**55. Recently, Union Minister of 'Road Transport and Highways' 'Shri Nitin Gadkari' Launched the Bharat NCAP aiming to enhance road safety by elevating vehicle safety standards for up to 3.5-tonne vehicles in India. Give full form of NCAP./हाल ही में, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने भारत में 3.5 टन तक के वाहनों के लिए वाहन सुरक्षा मानकों को बढ़ाकर सड़क सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से भारत एनसीएपी (NCAP) लॉन्च किया। NCAP को पूर्ण रूप बताइये।**

(a) New Car Assessment Production
न्यू कार असेसमेंट प्रोडक्शन
(b) New Car Assessment Programme
न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम
(c) New Car Acknowledge Production
न्यू कार एकनॉलेज प्रोडक्शन
(d) New Car Assessment Portal
न्यू कार असेसमेंट पोर्टल

**Ans. (b) :** NCAP का पूर्ण रूप न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम है। इसके द्वारा वाहनों की क्रैश टेस्टिंग की जाती है।

**56. Indo-US task force has been set up to elevate trade in which of the following sector to $100 billion in next decade?/अगले दशक में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने के लिए भारत-अमेरिका टास्क फोर्स की स्थापना की गई है?**

(a) Medicine /दवा
(b) Space /अंतरिक्ष
(c) Computer Science /कंप्यूटर विज्ञान
(d) Electronic /इलेक्ट्रॉनिक्स

**Ans. (d) :** भारत-अमेरिका टास्क फोर्स का गठन इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार बढ़ाने के लिए किया गया है। इसका लक्ष्य एक दशक में 100 अरब डालर तक दोनों देशों के मध्य व्यापार को बढ़ाना है। ट्राई के पूर्व अध्यक्ष राम सेवक शर्मा को टास्क फोर्स का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

**57. World's first 7-minute cancer treatment "jab" to be rolled out in which country?
विश्व का पहला 7 मिनट का कैंसर उपचार टीका 'जैब' किस देश में शुरू किया जाएगा?**

(a) England/इंग्लैंड
(b) U.S.A./यू.एस.ए.
(c) U.A.E./यू.ए.ई.
(d) China/चीन

**Ans. (a) :** विश्व का पहला 7 मिनट का कैंसर उपचार टीका 'जैब' इंग्लैण्ड में शुरु किया गया। ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा द्वारा इसे उपयोग किया जाता है।

**58. What is the age limit for females in "Mukhyamantri Ladli Behna Ypjana" implemented in Madhya Pradesh?
मध्य प्रदेश में लागू ''मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना'' में महिलाओं के लिए आयु सीमा क्या है?**

(a) Must have completed 21 years as on 01 January in the calendar year of application and less than 60 years./आवेदन के कैलेंडर वर्ष में 01 जनवरी को 21 वर्ष पूरे कर लिए हों और 60 वर्ष से कम हों।
(b) Must have completed 21 years as on 01 January in the calendar year of application and less than 58 years./आवेदन के कैलेंडर वर्ष में 01 जनवरी को 21 वर्ष पूरे कर लिए हों और 58 वर्ष से कम हों।
(c) Must have completed 23 years as on 01 January in the calendar year of application and less than 60 years./आवेदन के कैलेंडर वर्ष में 01 जनवरी को 23 वर्ष पूरे कर लिए हों और 60 वर्ष से कम हों।
(d) Must have completed 18 years as on 01 January in the calendar year of application and less than 65 years./आवेदन के कैलेंडर वर्ष में 01 जनवरी को 18 वर्ष पूरे कर लिए हों और 65 वर्ष से कम हों।

**Ans. (c) :** मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना का प्रारम्भ 15 मार्च 2023 को किया गया था। इसके तहत मध्य प्रदेश की महिलाओं को प्रतिमाह ₹1250 (पहले ₹1000) की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का लाभ 01 जनवरी को 23 वर्ष वर्तमान में 21 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 60 वर्ष से कम आयु की महिलाओं को प्रदान किया जाता है।

**59. Northeast Frontier Railway, bags PMI South Asia Award for "Micro Project of the Year". This Project is "Instruction Detection System" to save life of which of the following animals?
पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने ''वर्ष के सूक्ष्म परियोजना'' के लिए दक्षिण एशिया पुरस्कार जीता। यह परियोजना निम्नलिखित में से किस जानवर के जीवन को बचाने के लिए ''इंस्ट्रक्शन डिटेक्शन सिस्टम'' है?**

(a) Goat/बकरी
(b) Elephant/हाथी
(c) Sheep/भेड़
(d) Dog/कुत्ता

**Ans. (b) :** पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे ने 'वर्ष के सूक्ष्म परियोजना' के लिए दक्षिण एशिया पुरस्कार जीता। यह परियोजना हाथियों को संरक्षण प्रदान करने के लिए एक प्रकार का 'इंस्ट्रक्शन डिटेक्शन सिस्टम' है। इस परियोजना को मार्च, 2023 में लांच किया गया था।

**60. Name the annul training exercise embarked by Western Air Command of Indian Air Force (IAF) recently./हाल ही में भारतीय वायु सेना (IAF) की पश्चिमी वायु कमान द्वारा शुरू किए गए वार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास का नाम बताइए।**

(a) Swastik/स्वास्तिक
(b) Shankh/शंख
(c) Tandav/तांडव
(d) Trishul/त्रिशूल

**Ans. (d) :** सितम्बर 2023 में भारतीय वायु सेना के पश्चिमी वायु कमान द्वारा शुरु किए गए वार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास को त्रिशूल नाम दिया गया।

**61. "Maenam Wildlife Sanctuary" is situated in which of the following State/UTs of India?**
**''मेनम वन्यजीव अभयारण्य'' भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है?**

(a) Ladakh /लद्दाख
(b) Jammu & Kashmir/जम्मू और कश्मीर
(c) Sikkim/सिक्किम
(d) Assam/असम

**Ans. (c) :** मेनम वन्यजीव अभयारण्य भारत के सिक्किम राज्य में स्थित है। इसकी स्थापना 1969 में की गई थी।

**62. "Ramappa Temple" located in Palampet village of Telangana state that was declared as UNESCO World Heritage Site in the year 2021, had been built during the rule of which of the following dynasties?/तेलंगाना राज्य के पालमपेट गाँव में स्थित ''रामप्पा मंदिर'', जिसे वर्ष 2021 में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था, उसका निर्माण निम्नलिखित में से किस राजवंश के शासनकाल के दौरान किया गया था?**

(a) Musunuri /मुसुनुरी (b) Bahmani/बहमनी
(c) Vijayanagara /विजयनगर (d) Kakatiyan/काकतीय

**Ans. (d) :** तेलंगाना राज्य के पालमपेट गाँव में स्थित 'रामप्पा मंदिर' की स्थापना 'काकतीय' वंश के शासक गणपति देव के शासन काल में 1213 ई. में की गई। इसे रुद्रेश्वर मंदिर भी कहते हैं। इसे वर्ष 2021 में यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में भी शामिल किया गया था।

**63. The Prime Minister and the other Ministers of the Indian Union are appointed by the President under ______ of the Constitution of India./भारतीय संघ के प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति भारत के संविधान के ______ के तहत राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।**

(a) Article 73/अनुच्छेद 73 (b) Article 72/अनुच्छेद 72
(c) Article 70/अनुच्छेद 70 (d) Article 75/अनुच्छेद 75

**Ans. (d) :** संविधान के अनुच्छेद-75 के तहत भारत के प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

**64. "Koothu" is a socio-religious art performed in Koothambalam temple in which of the following State/UT of India?**
**''कुथु'' भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में कूथमबलम मंदिर में प्रदर्शित एक सामाजिक-धार्मिक कला है?**

(a) Sikkim/सिक्किम (b) Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश
(c) Kerala/केरल (d) Telangana /तेलंगाना

**Ans. (c) :** ''कुथु'' भारत के केरल राज्य में स्थित कूथमबलम मंदिर में प्रदर्शित किया जाने वाला एक सामाजिक धार्मिक कला है।

**65. The headquarters of "Central Institute of Indian Languages" is situated at which of the following places?/केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**

(a) Mysuru, Karnataka /मैसूरु, कर्नाटक
(b) Mumbai, Maharashtra/मुंबई, महाराष्ट्र
(c) Bhopal, Madhya Pradesh /भोपाल, मध्य प्रदेश
(d) Manesar, Gurgaon /मानेसर, महाराष्ट्र

**Ans. (a) :** भारतीय भाषाओं के केन्द्रीय संस्थान का मुख्यालय कर्नाटक के मैसूर में स्थित है। इसकी स्थापना 1969 में की गई थी।

**66. How many member states are there in the "Organisation for the Prohibition of Chemical Weapons" (OPCW)?/''रासायनिक हथियारों का निषेध संगठन'' (OPCW) में कितने सदस्य राष्ट्र हैं?**

(a) 195 (b) 194
(c) 203 (d) 193

**Ans. (d) :** ओ.पी.सी.डब्ल्यू. अपने 193 सदस्य देशों के साथ, में अपनी सीट रखता है। हेग, नीदरलैण्ड, यह रासायनिक हथियारों के स्थायी और सत्याप्रन योग्य उन्मूलन के वैश्विक प्रयास की देख-रेख करता है।

**67. Which of the following is an official language of the Maldives?/निम्नलिखित में से कौन मालदीव की आधिकारिक भाषा है?**

(a) Dari/दारी (b) Dzongkha/ज़ोंगखा
(c) Malayalam/मलयालम (d) Divehi /दिवेही

**Ans. (d) :** मालदीव की आधिकारिक भाषा दिवेही है।
राष्ट्रीय मछली - फिन टूना
राष्ट्रीय फूल - पडुआक
राष्ट्रीय वृक्ष - नारियल ताड

**68. The "Pula" is the national currency of which of the following countries?/''पुला'' निम्नलिखित में से किस देश की राष्ट्रीय मुद्रा है?**

(a) Botswana/बोत्सवाना (b) Cambodia/कंबोडिया
(c) Myanmar/म्यांमार (d) Poland/पोलैंड

**Ans. (a) :** पुला बोत्सवाना देश की राष्ट्रीय मुद्रा है। बोत्सवाना में पुला का शाब्दिक अर्थ ''बारिश'' है, क्योंकि बोत्सवाना में बारिश बहुत कम होती है। बोत्सवाना दक्षिणी अफ्रीका में एक स्थलसीमा देश है।

**69. "Perungadai" is a work of epic proportion by Kongu Velir. It belongs to which of the following literature of India?/''पेरुंगदाई'' कोंगु वेलिर द्वारा लिखित महाकाव्य कृति है। यह भारत के निम्नलिखित में से किस साहित्य से संबंधित है?**

(a) Telugu Literature /तेलुगु साहित्य
(b) Tamil Literature /तमिल साहित्य
(c) Kannada Literature /कन्नड़ साहित्य
(d) Malayalam Literature /मलयालम साहित्य

**Ans. (b) :** ''पेरुंगदाई'' कोंगु वेलिर द्वारा लिखित महाकाव्य कृति है। यह भारत के तमिल साहित्य से संबंधित है।

**70. Which of the following gallantry awards was renamed as "Shaurya Chakra" in the year 1967 by Government of India?/भारत सरकार द्वारा वर्ष 1967 में निम्नलिखित में से किस वीरता पुरस्कार का नाम बदलकर 'शौर्य चक्र' कर दिया गया?**

(a) Ashoka Chakra Class-I/ अशोक चक्र वर्ग-I
(b) Ashoka Chakra Class-II / अशोक चक्र वर्ग-II
(c) Ashoka Chakra Class-III /अशोक चक्र वर्ग-III
(d) Mahavir Chakra /महावीर चक्र

**Ans. (c) :** भारत सरकार द्वारा 'जनवरी 1967' में तीन वीरता पुरस्कारों 'अशोक चक्र वर्ग-I', 'अशोक चक्र वर्ग-II' और 'अशोक चक्र वर्ग-III' का नाम बदलकर क्रमशः 'अशोक चक्र', 'कीर्ति चक्र' और 'शौर्य चक्र' कर दिया गया।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र.सं. 71-75)**

समाज की विषमता शोषण की जननी है। समाज में जितनी विषमता होगी, सामान्यतया शोषण उतना ही अधिक होगा। चूँकि हमारे देश में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक व सांस्कृतिक असमानताएँ अधिक हैं जिसकी वजह से एक व्यक्ति एक स्थान पर शोषक तथा वही दूसरे स्थान पर शोषित होता है। जब बात उपभोक्ता संरक्षण की हो तब पहला प्रश्न यह उठता है कि उपभोक्ता किसे कहते है? या उपभोक्ता की परिभाषा क्या है? सामान्यतः उस व्यक्ति या व्यक्ति समूह को उपभोक्ता कहा जाता है। जो सीधे तौर पर किन्हीं भी वस्तुओं अथवा सेवाओं का उपयोग करते हैं। इस प्रकार सभी व्यक्ति किसी-किसी रूप में उपभोक्ता होते हैं और शोषण का शिकार होते हैं।

हमारे देश में ऐसे अशिक्षित, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से दुर्बल अशक्त लोगों की भीड़ है जो शहर की मलिन बस्तियों में, फुटपाथ पर, सड़क तथा रेलवे लाइन के किनारे, गंदे नालों के किनारे झोपड़ी डालकर अथवा किसी भी अन्य तरह से अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। वे दुनिया के सबसे बड़े प्रजातांत्रिक देशों की समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित हैं, जिन्हें आधुनिक सफेदपोशों, व्यापारियों, नौकरशाहों एवं तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग ने मिलकर बाँट लिया है। सही मायने में शोषण इन्हीं की देन है। सरकार कितनी भी योजनाएँ बना कर लागू करे, कोई बड़ा परिवर्तन संभव नहीं है।

उपभोक्ता शोषण का तात्पर्य केवल उत्पादकता व व्यापारियों द्वारा किए गए शोषण से ही लिया जाता है जबकि इसके क्षेत्र में वस्तुएँ एवं सेवाएँ दोनों ही सम्मिलित हैं, जिनके अंतर्गत डॉक्टर, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस, ऊँचे ओहदों पर बैठे सरकारी कर्मचारी, वकील आदि सभी आते हैं। इन सबने शोषण के क्षेत्र में जो कीर्तिमान बनाए हैं वे वास्तव में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने लायक हैं। कानून के हाथ कितने भी लम्बे हों, इन सभी तक नहीं पहुँच सकते क्योंकि रक्षक जब भक्षक बन जाए तो कौन बचाए? भ्रष्टाचार सभी की जड़ों में पहुँचा हुआ है- ऊपर से नीचे या नीचे से ऊपर। क्या कभी इन लोगों के अच्छे दिन आएँगे?

दूसरी ओर किसी तरह अपनी इज्जत-आबरू बचाता मध्यम वर्ग है जो न तो किसी पार्टी के वोट बैंक में है और न ज्यादा पढ़ा-लिखा सम्पन्न। न सरकार उसकी परेशानियों को समझती है और न कोई अन्य राजनैतिक पार्टी। जिनको सरकारी पेंशन नहीं मिलती, ऐसे बड़े-बूढ़े लाचार लोगों की स्थिति और भी खराब है। न तो उनकी संस्कार-विहीन संतान उनका ध्यान रखने को तैयार है और न सरकार उनके लिए कुछ सोच पा रहीं है। क्या इस विषमता को हटाने की दिशा में कोई कदम उठाया जा रहा है? क्या पढ़े-लिखे नौजवानों को उपयुक्त रोजगार दिए जाने की दिशा में कुछ हो रहा है? क्या होगा इस देश का, भगवान ही जानता है।

**71. हमारे देश में समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित वर्ग कौन-सा है?**
(a) सरकारी पेंशन विहीन वयोवृद्ध जनों का वर्ग
(b) किसी तरह अपनी इज्जत-आबरू बचाता समाज का मध्यम वर्ग
(c) मलिन बस्तियों, फुटपाथ, सड़क तथा रेलवे लाइन के किनारे झोपड़ी डालकर रहने वाले अशिक्षित, दुर्बल और अशक्त लोगों का वर्ग
(d) आधुनिक सफेदपोशों, व्यापारियों, नौकरशाहों एवं तथाकथित बुद्धिजीवी लोगों का वर्ग

**Ans. (c) :** दिये गये गद्यांश के अनुसार हमारे देश में समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित वर्ग-मलिन बस्तियों, फुटपाथ, सड़क तथा रेलवे लाइन के किनारे झोपड़ी डालकर रहने वाले अशिक्षित, दुर्बल और अशक्त लोगों का वर्ग है।

**72. लेखक के अनुसार शोषण का शिकार कौन लोग होते हैं?**
(a) पढ़े-लिखे उपयुक्त रोजगार विहीन नवयुवकरण
(b) वस्तु एवं सेवाओं का उपयोग करने वाला उपभोक्ता समूह
(c) उत्पादकता से जुड़ा व्यापारी मंडल
(d) नौकरशाह एवं तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग

**Ans. (b) :** दिये गये गद्यांश में लेखक के अनुसार वस्तु एवं सेवाओं का उपयोग करने वाला उपभोक्ता समूह शोषण के शिकार होते हैं।

**73. समाज के मध्यम वर्ग की कौन-सी समस्या है?**
(a) गरीब और श्रमिक वर्ग से सम्बन्धित
(b) उच्च शिक्षित और धनाढ्य
(c) घर का हर सदस्य मजदूरी करने के लिए विवश
(d) जीवन-यापन में आर्थिक परेशानी से सामाजिक प्रतिष्ठा पर खतरा

**Ans. (d) :** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार समाज के मध्यवर्ग की समस्या है- जीवन-यापन में आर्थिक परेशानी से सामाजिक प्रतिष्ठा पर खतरा।

**74. समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित वर्ग के शोषण के लिए कौन उत्तरदायी है?**
(a) राजनेता, व्यापारी वर्ग, सरकारी तंत्र एवं तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग
(b) समाज के धर्मपरायण, पण्डित और कथावाचक लोग
(c) समाज का मध्यम वर्ग और उच्च वर्ग
(d) शिक्षित एवं सम्पन्न नौकरी पेशा वर्ग

**Ans. (a) :** गद्यांश के अनुसार राजनेता, व्यापारी वर्ग, सरकारी तंत्र एवं तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित वर्ग के शोषण के लिए उत्तरदायी हैं।

**75. 'शैक्षणिक और सांस्कृतिक' शब्द किस व्याकरणिक इकाई से संबंधित है और किस प्रत्यय से मिलकर बने हैं?**
(a) संज्ञा और विशेषण शब्द - अ प्रत्यय
(b) विशेषण और संज्ञा शब्द - णिक और तिक प्रत्यय
(c) विशेषण और विशेषण शब्द - इक प्रत्यय
(d) संज्ञा और संज्ञा शब्द -अणिक और अतिक प्रत्यय

**Ans. (c) :** 'शैक्षणिक और सांस्कृतिक' शब्द दोनों विशेषण इकाई से संबंधित है और दोनों शब्दों में इक प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्र. सं. 76-80)**

भारत प्राचीन संस्कृति का देश है। यहाँ दान-पुण्य को जीवन-मुक्ति का अनिवार्य अंग माना गया था। जब दान देने को धार्मिक कृत्य मान लिया गया तो निश्चित तौर पर दान लेने वाले भी होंगे। हमारे समाज में भिक्षावृत्ति की जिम्मेदारी समाज के धर्मात्मा, दयालु व सज्जन लोगों की हैं। भारतीय समाज में दान लेना व दान देना-दोनों धर्म के अंग माने गए हैं। पहले दान देने से पूर्व दान लेने वाले की पात्रता देखी जाती थी और योग्य पात्र को दान दिया जाता था। धर्मशास्त्रों ने दान की महिमा का बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन किया। जिसके कारण भिक्षावृत्ति को भी धार्मिक मान्यता मिल गई। धीरे-धीरे दान-दाताओं ने पात्रता पर ध्यान देना बंद कर दिया और दयावश निरीह, अपाहिज और गरीबों को दान दिया जाने लगा। शनैः-शनैः समाज में और मूल्यों में बदलाव आया और अधिकतर लोग गरीबों, ब्राह्मणों और भिखारियों को दान का पात्र समझने लगे। समाज में जब इस प्रकार के परिवर्तन हुए तो धीरे-धीरे लोगों ने भिक्षा को अपनी जीविका ही बना लिया। गरीबी के कारण बेसहारा लोग भीख माँगने लगे। काम न मिलने से भी भिक्षावृत्ति को बल मिला और पूजा-स्थल, तीर्थ, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, गली-मुहल्ले आदि स्थानों पर हर जगह

भिखारी दिखाई देने शुरू हो गए। इस कार्य में हर आयु के व्यक्ति शामिल होने लग गए। साल-दो साल के दूध मुँहे बच्चे से लेकर अस्सी-नब्बे वर्ष के बूढ़े तक को भीख माँगते देखा जा सकता है। आज तो भीख माँगने का भी एक कलापूर्ण व्यवसाय बनता जा रहा है।

कुछ खानदानी भिखारी होते है क्योंकि पुश्तों से उनके पूर्वज धर्मस्थानों पर अपना अड्डा जमाए हुए हैं। कुछ अपराधी बच्चों को उठा ले जाते है तथा उनसे भीख मँगवाते है। वे इतने निर्दय होते है कि भीख माँगने के लिए बच्चों का अंग-भंग भी कर देते हैं। कुछ भिखारी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हैं जो देश में छोटी-सी विपत्ति आ जाने पर भीख का कटोरा लेकर भ्रमण के लिए निकल जाते हैं। इसके अलावा अनेक श्रेणी के और भी भिखारी होते हैं। कुछ भिखारी परिस्थिति से बनते हैं तो कुछ बना दिए जाते हैं। कुछ शौकिया भी इस व्यवसाय में आ गए हैं। जन्मजात भिखारी अपने स्थान निश्चित रखते है। कुछ भिखारी अपनी आमदनी वाली जगह दूसरे भिखारी को किराए पर देते हैं। बेरोजगारी और गरीबी के कारण कुछ वयोवृद्ध मजबूरीवश भिखारी बनते है। गरीबी के कारण बेसहारा लोग भीख माँगने लगते हैं। काम न मिलना भी भिक्षावृत्ति को जन्म देता है। कुछ अपराधी बाकायदा इस काम की ट्रेनिंग देते है। भीख रोकर, गाकर, आँखें दिखाकर या हँसकर भी माँगी जाती है। भीख माँगने के लिए इतना आवश्यक है कि दाता के मन में करुणा जगे। अपंगता, कुरूपता, अशक्तता, वृद्धावस्था आदि देखकर दाता करुणामय होकर भीख देने के लिए बाध्य हो जाता है।

क्या भिक्षवृत्ति देश की एक समस्या नहीं है? गरीबों और निर्बलों को छोड़कर कई पढ़े-लिखे और हट्टे-कट्टे भी इस वृत्ति को अपनाए हुए हैं। क्या सरकार को इस दिशा में कुछ करने की आवश्यकता नहीं है? क्या हम लोग इन भिखारियों को करुणावश भीख दे रहे हैं? थोड़ा सोचिए, क्या हम भी इस वृत्ति को बढ़ावा तो नहीं दे रहे हैं। अगर दान ही करना है तो गरीबों को पुस्तकें, पाठ्य-सामग्री दें। गरीबों और बीमारों को दवाएँ और अस्पताल की सुविधाएँ दिलाएँ। इन लोगों को भीख के स्थान पर रोजगार की व्यवस्था कराएँ। नकद देना बंद करें। भीख माँगने वालों को खाना खिलाएँ पर कभी उन्हें नकद पैसे न दे। अगर जनता और सरकार दोनों मिलकर काम करें और भीख माँगने वालों को पुलिस के हवाले करना शुरू कर दें, तो इस पर काबू पाया जा सकता है।

**76. क्या भिक्षावृत्ति देश की एक समस्या है? आपका इस विषय में क्या विचार है?**

(a) भिक्षावृत्ति समस्या नहीं है, क्योंकि दान-पुण्य तो भारतीय संस्कृति का एक धार्मिक कृत्य है।
(b) भिक्षावृत्ति देश की समस्या को हल करती है, क्योंकि गरीबो, अपंगों और बेरोजगारों की जीविका इससे ही चल रही है।
(c) भिक्षावृत्ति देश की एक ज्वलंत समस्या बन गई है क्योंकि लोग इसको जानबूझकर अपना व्यवसाय बना रहे हैं।
(d) भिक्षावृत्ति में लोग स्वेच्छया दान दे रहे हैं इसलिए इसको समस्या नहीं माना जा सकता।

**Ans. (c) :** गद्यांश के अनुसार भिक्षावृत्ति देश की एक ज्वलंत समस्या बन गई है क्योंकि लोग इसको जानबूझकर अपना व्यवसाय बना रहे हैं।

**77. विभिन्न स्थलों पर लोग भीख देने के लिए क्यो बाध्य हो जाते हैं?**

(a) भिखारी लोगों के पीछे लग जाते हैं और उन्हें भीख देने के लिए बाध्य कर देते हैं।
(b) अपंगता, कुरूपता, अशक्तता, वृद्धावस्था आदि देखकर लोग भीख देने के लिए बाध्य हो जाते हैं।
(c) धार्मिक स्थलों पर लोग दान-पुण्य की भावना से जाते हैं और कंगाल भिखारियों को दान के रूप में भीख देते हैं।
(d) लोगों के पास अन्याय, अनीति और चोरी का पैसा होता है और दान देकर वे अपनी आत्मा पर रखे बोझ को कम करते हैं।

**Ans. (b) :** गद्यांश के अनुसार, अपंगता, कुरूपता, अशक्तता, वृद्धावस्था आदि देखकर लोग भीख देने के लिए बाध्य हो जाते हैं।

**78. भीख न देकर भी दूसरों की मदद करने के लिए कौन सा विकल्प सही नहीं है?**

(a) गरीबों और निर्बलों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की व्यवस्था करके मदद करना।
(b) पैसे देकर किसी भिखारी को रोजगार-धंधे के लिए प्रेरित करके मदद करना।
(c) गरीबों के बच्चों के स्कूल में फीस जमा करके और पुस्तकें और अन्य पाठ्य-सामग्री देकर मदद करना।
(d) रोगियों को चिकित्सा सुविधा दिलाकर तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से परिचित कराके मदद करना।

**Ans. (b) :** गद्यांश के अनुसार पैसे देकर किसी भिखारी को रोजगार-धंधे के लिए प्रेरित करके मदद करना। यह विकल्प भीख न देकर भी दूसरों की मदद करने के लिए सही विकल्प नहीं है।
अन्य सभी विकल्प संगत हैं।

**79. दान-पुण्य और जीवन-मुक्ति में कौन से समास है?**

(a) तत्पुरुष और द्वंद्व (b) द्वंद्व और तत्पुरुष
(c) कर्मधारय और द्वंद्व (d) द्वंद्व और अव्ययीभाव


**Ans. (b) :** 'दान-पुण्य' में द्वंद्व समास तथा 'जीवन-मुक्ति' में तत्पुरुष समास है।

**80. खानदानी भिखारी कैसे होते हैं?**

(a) जो खुद भिखारी न माँगकर अपने स्थान को दूसरे किसी भिखारी को भीख माँगने के लिए भाड़े पर दे देते हैं।
(b) जो छोटे बच्चों के अंग-भंग करके उनसे जबरदस्ती भीख मँगवाते हैं।
(c) जिनकी भीख माँगने की जगह पुश्तैनी है और पीढ़ियों से निश्चित है।
(d) जो देश में छोटी-सी विपत्ति आ जाने पर भीख का कटोरा लेकर भ्रमण के लिए निकल जाते हैं।

**Ans. (c) :** गद्यांश के अनुसार खानदानी भिखारी वे होते हैं जिनकी भीख माँगने की जगह पुश्तैनी होती है और उनकी वह जगह पीढ़ियों से निश्चित है।

**Q. 81-85 : The given Line graph Data Interperation Chart shows the sales of shoes (in thousands) from six stores in six different cities Kolkata, Patna, Dhanbad, Ranchi, Asansol and Gaya during three consecutive years 2020, 2021 and 2022:/प्र. 81-85 : दिया गया लाइन ग्राफ डेटा इंटरप्रिटेशन चार्ट लगातार तीन वर्षो 2020, 2021 और 2022 के दौरान छह अलग-अलग शहरों कोलकाता, पटना, धनबाद, रांची, आसनसोल और गया में छह स्टोर से जूते की बिक्री (हजारों में) दिखाता है।**




**81. What is the ratio of the total sales of Patna store for three years to the total sales of Asansol store for three years?/तीन वर्षों के लिए पटना स्टोर की कुल बिक्री का तीन वर्षों के लिए आसनसोल स्टोर की कुल बिक्री से अनुपात क्या है?**

(a) 190/325 (b) 380/640
(c) 30/61 (d) 172/189

**Ans. (a) :** प्रश्नानुसार,
पटना स्टोर की कुल बिक्री = 160+120+100 = 380
आसनसोल स्टोर की कुल बिक्री = 150+200+300 = 650
अतः अभीष्ट अनुपात = 380 : 650 = 190 : 325

**82. Total number of shoes sales on Gaya store and Patna store together for three years is approximately what percent of the total sales of Dhanbad store and Ranchi store together for three years?/गया स्टोर और पटना स्टोर, पर मिलाकर तीन वर्षों में जूतों की बिक्री की कुल संख्या, तीन वर्षों में धनबाद स्टोर और रांची स्टोर पर मिलाकर कुल बिक्री का लगभग कितना प्रतिशत है?**

(a) 72.23% (b) 76.75%
(c) 80.51% (d) 86.81%

**Ans. (c) :** गया और पटना स्टोर के तीन वर्षों में जूतों की कुल बिक्री = 80+220+270+100+120+160 = 950
तीन वर्षों में धनबाद तथा रांची स्टोर पर जूतों की कुल बिक्री = 150+200+250+100+200+280 = 1180
अभीष्ट प्रतिशत $(\%) = \frac{950}{1180} \times 100 = 80.51\%$

**83. What percent of the average sales of shoes on Kolkata store, Patna store and Dhanbad store in 2021 is the average sales of shoes on Ranchi store, Asansol store and Gaya store in 2022?**
**2021 में कोलकाता स्टोर, पटना स्टोर और धनबाद स्टोर पर जूते की औसत बिक्री का कितना प्रतिशत, 2022 में राँची स्टोर, आसनसोल स्टोर और गया स्टोर पर जूते की औसत बिक्री है?**

(a) 86.12% (b) 77.5%
(c) 129.03% (d) 93.94%

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार,
2021 में, कोलकाता स्टोर, पटना स्टोर और धनबाद स्टोर पर जूते की औसत बिक्री $= \frac{250+120+250}{3} = \frac{620}{3}$
2022 में रांची, आसनसोल तथा गया स्टोर पर जूतों की औसत बिक्री $= \frac{280+300+220}{3} = \frac{800}{3}$
अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{800/3}{620/3} \times 100$
$= \frac{800}{620} \times 100 = 129.03\%$

**84. What is the ratio of average sales of shoes of all the stores for the year 2020 to average sales of shoes of all the stores for the year 2021?/वर्ष 2020 के लिए सभी स्टोर के जूतों की औसत बिक्री का वर्ष 2021 के लिए सभी स्टोर के जूतों की औसत बिक्री से अनुपात क्या है?**

(a) 45/59 (b) 24/43
(c) 121/253 (d) 122/216

**Ans. (b) :** प्रश्नानुसार,
वर्ष 2020 के सभी स्टोर के जूतों की औसत बिक्री
$= \frac{140+100+150+100+150+80}{5} = \frac{720}{6} = 120$
वर्ष 2021 के सभी स्टोर के जूतों की औसत बिक्री
$= \frac{250+120+250+200+200+270}{6} = \frac{1290}{6} = 215$
अभीष्ट अनुपात = 120: 215 = 24:43


**85. What is the total number of shoes sales of Kolkata store, Patna store and Ranchi store together for three years?/तीन वर्षों में कोलकाता स्टोर, पटना स्टोर और रांची स्टोर की जूतों की बिक्री की कुल संख्या कितनी है?**

(a) 1140 (b) 1250
(c) 1650 (d) 1820

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार,
कोलकाता, पटना और रांची स्टोर में तीन वर्षों में जूतों की बिक्री की कुल संख्या
= (140+250+300)+(100+120+160)+ (100+200+280)
= 690+380+580 = 1650

**Q. 86-90 : There are five inlet pipes (A, B, C, D and E) and five outlet pipes (P, Q, R, S and T) connected to a tank. The first pie-chart represents the percentage of the tank filled by each inlet pipe when all the inlet pipes are opened together and the second pie-chart represents the percentage of the tank emptied by each outlet pipe when all the outlet pipes are opened together.**

**Total capacity of the tank = 1000 litres**
**Time taken to fill the tank when all the inlet pipes are opened together = 2 minutes**
**Time taken to empty the tank when all the outlet pipes are opened together = 1.6 minutes**



**86. Find the approximate time taken to fill the tank if pipes A, B, D, R and S are opened together./यदि पाइप A, B, D, R और S को एक साथ खोल दिया जाए तो टैंक को भरने में लगने वाला अनुमानित समय ज्ञात कीजिए।**

(a) 18 minutes /18 मिनट
(b) 15 minutes /15 मिनट
(c) 9.2 minutes /9.2 मिनट
(d) 6.67 minutes /6.67 मिनट

**Ans. (d) :** सभी इनलेट पाइप एक साथ खोलने पर टैंक भरने के लगा समय = 2 मिनट
2 मिनट = 1000 लीटर
1 मिनट = 500 लीटर
सभी आउटलेट पाइप एक साथ खोलने पर टैंक को खाली करने में लगा समय = 1.6 मिनट
1.6 मिनट = 1000 लीटर
1 मिनट = $\frac{1000}{1.6}$ लीटर
1 मिनट = 625 लीटर
प्रश्नानुसार,
A, B तथा D द्वारा भरा गया भाग (% में) = 20+15+10 = 45%
1 मिनट में भरा गया $=\frac{45}{100}\times500=225$ लीटर
R तथा S द्वारा खाली किया गया भाग (% में) = 8+4 = 12%
1 मिनट में खाली $=\frac{12}{100}\times625=75$ लीटर
1 मिनट में कुल भरा गया भाग = 225 – 75 = 150 लीटर
टैंक को भरने में लगा समय $=\frac{1000}{150}=6.67$ मिनट

**87. Find the ratio of the sum of the time taken by pipe C alone and time taken by pipe D alone to fill the tank to the sum of the time taken by pipe R alone and time taken by T alone to empty the tank./टैंक को भरने में अकेले पाइप C द्वारा लिए गए समय और अकेले पाइप D द्वारा लिए गए समय योग का टैंक को खाली करने में अकेले पाइप R द्वारा लिए गए समय और पाइप T द्वारा लिए गए समय के योग से अनुपात ज्ञात कीजिए।**

(a) 8:15 (b) 7:9
(c) 16:17 (d) 9:13

**Ans. (b) :** प्रश्नानुसार,
टैंक को अकेले पाइप C तथा D द्वारा भरने में लगा समय
$$=\frac{1000}{\frac{25}{100}\times500}+\frac{1000}{\frac{10}{100}\times500}=\frac{1000}{125}+\frac{1000}{50}$$
= 8+20 = 28 मिनट
टैंक को अकेले पाइप R तथा T द्वारा भरने में लगा समय
$$=\frac{1000}{\frac{8}{100}\times625}+\frac{1000}{\frac{10}{100}\times625}=\frac{1000}{50}+\frac{1000}{\frac{125}{2}}$$
= 20 + 16 = 36
अभीष्ट अनुपात = 28: 36 = 7 : 9

**88. The time taken by pipes B and C together to full the tank is approximately how many minutes more than the time taken by pipes A, D and E together?/पाइप B और C द्वारा एक साथ टैंक को भरने में लिया गया समय पाइप A, D और E द्वारा एक साथ भरने में लगे समय से लगभग कितने मिनट अधिक है?**

(a) 3.5 minutes/3.5 मिनट
(b) 1.67 minutes/1.67 मिनट
(c) 2.89 minutes /2.89 मिनट
(d) 4.2 minutes /4.2 मिनट

**Ans. (b) :** A, D तथा E द्वारा एक साथ टैंक को भरने में लिया गया समय $=\frac{1000}{\frac{(20+30+10)}{100}\times500}=\frac{1000}{\frac{60}{100}\times500}$
$=\frac{1000}{300}=\frac{10}{3}=3.33$ मिनट
B तथा C द्वारा एक साथ टैंक को भरने में लिया गया समय
$$=\frac{1000}{\frac{(15+25)}{100}\times500}=\frac{1000}{\frac{40}{100}\times500}=\frac{1000}{200}=5\text{ मिनट}$$
अभीष्ट अन्तर = 5–3.33= 1.67 मिनट

**89. What will be the ratio of the time taken by pipes P and R together to empty the tank to the time taken by pipes Q, S and T together to empty the tank?/पाइप P और R द्वारा एक साथ टैंक खाली करने में लिए गए समय का पाइप Q, S और T द्वारा एक साथ टैंक खाली करने में लिए गए समय से अनुपात क्या होगा?**

(a) 5:11 (b) 11:8
(c) 11:14 (d) 14:11

**Ans. (c) :** पाइप P और R द्वारा एक साथ टैंक को खाली करने में लगा समय $=\frac{1000}{\frac{(48+8)}{100}\times625}=\frac{1000}{\frac{56}{100}\times625}$
$=\frac{1000}{14\times25}=\frac{1000}{350}=\frac{20}{7}$ मिनट
पाइप Q, S और T द्वारा एक साथ टैंक को खाली करने में लगा समय $=\frac{1000}{\frac{(30+10+4)}{100}\times625}=\frac{1000}{\frac{44}{100}\times625}$
$=\frac{1000}{275}=\frac{40}{11}$
अभीष्ट अनुपात $=\frac{20}{7}:\frac{40}{11}=11:14$

**90. If all the inlet pipes and the outlet pipes are opened together then find the time taken to empty the full tank./यदि सभी इनलेट पाइप और आउटलेट पाइप एक साथ खोल दिए जाए तो पूरा टैंक खाली होने में लगने वाला समय ज्ञात कीजिए।**

(a) 8 minutes/मिनट (b) 5 minutes /मिनट
(c) 12 minutes /मिनट (d) 15 minutes /मिनट

**Ans. (a) :** प्रश्नानुसार,
1 मिनट में सभी इनलेट द्वारा 500 लीटर भरा जायेगा
1 मिनट में सभी आउटलेट द्वारा 625 लीटर खाली किया जायेगा
1 मिनट में खाली और भरने वाले पाइप को खोलने पर खाली किया गया भाग = 625 – 500 = 125
अतः पूरे टैंक को खाली करने में लिया गया समय

$$= \frac{1000}{125} = 8 \text{ मिनट}$$

**Q 91-95 : Study the table charts carefully and answer the questions given below:/प्र. 91-95: तालिका चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :**

**Table 1 shows the Production, Export and Import of crude oil of 5 countries in 2020 while Table 2 shows the percentage increase in Production, Export and Import of crude oil from 2020 to 2022. Study the tables and answer the questions:/तालिका 1, 2020 में 5 देशों के कच्चे तेल के उत्पादन, निर्यात और आयात को दर्शाती है, जबकि तालिका 2, 2020 से 2022 तक कच्चे तेल के उत्पादन, निर्यात और आयात में प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है। तालिकाओं का अध्ययन करें और प्रश्नों के उत्तर दें।**

**Note: Consumption = Production + Import – Export/नोटः उत्पादन + आयात – निर्यात**

**Table 1:/तालिका 1:**

| Country/देश | Production /उत्पादन | Export /निर्यात | Import /आयात |
|---|---|---|---|
| Afghanistan /अफगानिस्तान | 2100 | 600 | 400 |
| Bangladesh बांग्लादेश | 1400 | 400 | 300 |
| Bhutan/भूटान | 2000 | 800 | 400 |
| India/भारत | 2200 | 600 | 500 |
| Maldives मालदीव | 700 | 500 | 1300 |

**Table 2:/तालिका 2:**

| Country/देश | Production उत्पादन | Export निर्यात | Import आयात |
|---|---|---|---|
| Afghanistan अफगानिस्तान | 20% | 15% | 18% |
| Bangladesh बांग्लादेश | 25% | 24% | 22% |
| Bhutan/भूटान | 25% | 25% | 20% |
| India/भारत | 22% | 20% | 15% |
| Maldives मालदीव | 24% | 25% | 22% |

**91. What is the average consumption of crude oil in each of the five countries in 2020?**
**2020 में प्रत्येक पाँच देशों में कच्चे तेल की औसत खपत क्या है?**

(a) 1200 (b) 1680
(c) 2200 (d) 2400

**Ans. (b) :** प्रश्नानुसार,
पाँच देशों का कुल उत्पादन
= 2100+1400+2000+2200+700=8400
पाँच देशों का कुल आयात= 400+300+400+500+1300=2900
पाँच देशों का कुल निर्यात = 600+400+800+600+500= 2900
कुल खपत = 8400+2900–2900 = 8400

खपत औसत $= \frac{8400}{5} = 1680$

**92. What is the average consumption of crude oil in each of the five countries in 2022?/2022 में प्रत्येक पाँच देशों में कच्चे तेल की औसत खपत क्या है?**

(a) 512 (b) 1024
(c) 2054 (d) 1568

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार,
वर्ष 2022 में पाँचों देशों में कच्चे तेल के उत्पादन, निर्यात तथा आयात निम्न हैं-
उत्पादन ⟹

$$2100\times\frac{120}{100}+1400\times\frac{125}{100}+2000\times\frac{125}{100}+2200\frac{122}{100}+700\times\frac{124}{100}$$

= 2520+1750+2500+2684+868
= 10322
निर्यात ⟹

$$600\times\frac{115}{100}+400\times\frac{124}{100}+800\times\frac{125}{100}+600\frac{120}{100}+500\times\frac{125}{100}$$

= 690 + 496 + 1000 + 720 + 625 = 3531
आयात ⟹

$$400\times\frac{118}{100}+300\times\frac{122}{100}+400\times\frac{120}{100}+500\frac{115}{100}+1300\times\frac{122}{100}$$

= 472+366+480+575+1586 = 3479

अभीष्ट औसत खपत $= \frac{10322+3479-3531}{5}$

$$= \frac{10270}{5} = 2054$$

**93. What is the export to import ratio of the 5 countries together in 2020?/2020 में पाँचों देशों का एक साथ निर्यात-आयात अनुपात क्या है?**

(a) 215/60 (b) 175/13
(c) 1 (d) 13/175

**Ans. (c) :** वर्ष 2020 में पाँचों देशों का निर्यात आयात निम्न है-
निर्यात ⟹ 600+400+800+600+500 = 2900
आयात ⟹ 400+300+400+500+1300 = 2900

अभीष्ट अनुपात $= \frac{\text{निर्यात}}{\text{आयात}} = \frac{2900}{2900}$

$$\boxed{\frac{\text{निर्यात}}{\text{आयात}} = 1}$$

**94. The percentage increase in the crude oil consumption from 2020 to 2022, is highest for which among the following countries?/2020 से 2022 तक कच्चे तेल की खपत में प्रतिशत वृद्धि निम्नलिखित में से किस देश में सबसे अधिक है?**

(a) Afghanistan/अफगानिस्तान
(b) Bangladesh/बांग्लादेश
(c) Bhutan /भूटान
(d) Maldives/मालदीव

**Ans. (b) :** 2020 से 2022 तक-

अफगानिस्तान में कच्चे तेल की खपत में प्रतिशत वृद्धि

$$=\frac{\left(2100\times\frac{20}{100}+400\times\frac{18}{100}-600\times\frac{15}{100}\right)}{(2100+400-600)}\times100$$

$$=\frac{432}{1900}\times100=22.73\%$$

बांग्लादेश में कच्चे तेल की खपत में प्रतिशत वृद्धि

$$=\frac{\left(1400\times\frac{25}{100}+300\times\frac{22}{100}-400\times\frac{24}{100}\right)}{(1400+300-400)}\times100$$

$$=\frac{320}{1300}\times100=24.61\%$$

भूटान में कच्चे तेल की खपत में प्रतिशत वृद्धि

$$=\frac{\left(2000\times\frac{25}{100}+400\times\frac{20}{100}-800\times\frac{25}{100}\right)}{(2000+400-800)}\times100$$

$$=\frac{380}{1600}\times100=23.75\%$$

मालदीव में कच्चे तेल की खपत में प्रतिशत वृद्धि

$$=\frac{\left(700\times\frac{24}{100}+1300\times\frac{22}{100}-500\times\frac{25}{100}\right)}{(700+1300-500)}\times100$$

$$=\frac{329}{1500}\times100=21.93\%$$

अतः बांग्लादेश में कच्चे तेल की खपत में प्रतिशत वृद्धि सबसे अधिक है।

**95. In 2022, which country's import to consumption ratio was highest among the following countries?/2022 में निम्नलिखित देशों में से कौन से देश का आयात से खपत का अनुपात सबसे ज्यादा था?**

(a) Afghanistan /अफगानिस्तान

(b) Bangladesh/बांग्लादेश

(c) Bhutan/भूटान

(d) Maldives /मालदीव

**Ans. (d) :** वर्ष 2022 में-

अफगानिस्तान में आयात और खपत का अनुपात

$$=\frac{\left(400\times\frac{118}{100}\right)}{\left(2100\times\frac{120}{100}+400\times\frac{118}{100}-600\times\frac{115}{100}\right)}$$

$$=\frac{472}{2302}=0.2050$$

बांग्लादेश में आयात और खपत का अनुपात

$$=\frac{\left(300\times\frac{122}{100}\right)}{\left(1400\times\frac{125}{100}+300\times\frac{22}{100}-400\times\frac{124}{100}\right)}$$

$$=\frac{366}{1620}=0.2259$$

भूटान में आयात और खपत का अनुपात

$$=\frac{\left(400\times\frac{120}{100}\right)}{\left(2000\times\frac{125}{100}+400\times\frac{120}{100}-800\times\frac{125}{100}\right)}$$

$$=\frac{480}{1980}=0.2424$$

मालदीव में आयात और खपत का अनुपात

$$=\frac{\left(1300\times\frac{122}{100}\right)}{\left(700\times\frac{124}{100}+1300\times\frac{122}{100}-500\times\frac{125}{100}\right)}$$

$$=\frac{1586}{11829}=\boxed{0.8671}$$

अतः मालदीव में आयात और खपत का अनुपात सर्वाधिक हैं।

**Q. 96-100: Study the following table chart carefully and answer the questions given below :**

**प्र. 96-100: निम्नलिखित तालिका चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :**

**Akshay has 5000 litres of pure milk. He sells 40% of the total milk to six different persons (A, B, C, D, E, F) and the remaining 60% of total milk he utilizes in his own shop. Each person, A, B, C, D, E and F mixes water in pure milk. The table given below shows the sales of milk to six different persons by Akshay also shows the concentration of water after adding water in pure milk by each of the six persons./अक्षय के पास 5000 लीटर शुद्ध दूध है। वह कुल दूध का 40% छह अलग-अलग व्यक्तियों (A, B, C, D, E, F) को बेचता है और कुल दूध का शेष 60% वह अपनी दुकान में उपयोग करता है। प्रत्येक व्यक्ति, A, B, C, D, E और F शुद्ध दूध में पानी मिलाते हैं। नीचे दी गई तालिका अक्षय द्वारा छह अलग-अलग व्यक्तियों को बेचे गये दूध की कुल बिक्री को प्रतिशत के रूप में दर्शाती है और यह छह व्यक्तियों में से प्रत्येक द्वारा शुद्ध दूध में पानी मिलाने के बाद पानी की सांद्रता को भी दर्शाती है।**

| Person व्यक्ति | Sales of Milk दूध की बिक्री | The concentration of water (After adding water in pure milk)/पानी की सांद्रता (शुद्ध में पानी मिलाने के बाद) |
|---|---|---|
| A | 20% | 20% |
| B | 10% | 10% |
| C | 10% | 15% |
| D | 10% | 18% |
| E | 30% | 25% |
| F | 20% | 12% |

**96. What is the difference between the total quantity of water added by Person A and that of Person C? (approximately)/व्यक्ति A और व्यक्ति C द्वारा मिलाए गए पानी की कुल मात्रा के बीच क्या अंतर है?(लगभग)**

(a) 56 liters /56 लीटर
(b) 65 liters /65 लीटर
(c) 73 liters /73 लीटर
(d) 75 liters /75 लीटर

**Ans. (b) :** प्रश्नानुसार,

| | दूध | पानी |
|---|---|---|
| A→ | 80% | 20% |
| | ↓ | ↓ |
| | 400 | 100 |
| C→ | 85% | 15% |
| | ↓ | ↓ |
| | 200 | $\frac{200}{85}\times15=35.3$ |

व्यक्ति A और C द्वारा जोड़े गए पानी की कुल मात्रा के बीच अंतर = 100–35.3 = 64.7≈ 65लीटर

**97. What is the respective ratio of the total quantity of water added by Person C and the total quantity of water added by Person E?/व्यक्ति C द्वारा मिलाए गए पानी की कुल मात्रा और व्यक्ति E द्वारा मिलाए गए पानी की कुल मात्रा का संबंधित अनुपात क्या है?**

(a) 8 : 34 (b) 81 : 287 (c) 83 : 285 (d) 3 : 17

**Ans. (d) :** प्रश्नानुसार,

| | दूध | पानी |
|---|---|---|
| व्यक्ति C= | 85% | 15% |
| | ↓ | ↓ |
| | 200 | $\frac{200}{85}\times15=35.3$ |
| व्यक्ति E= | 75% | 25% |
| | ↓ | ↓ |
| | 600 | $\frac{600}{75}\times25=200$ |

अभीष्ट अनुपात = 35.3 : 200

= 3:17

**98. Who among the following added least quantity (in liters) of water in pure milk?
निम्नलिखित में से किसने शुद्ध दूध में सबसे कम मात्रा में (लीटर में) पानी मिलाया?**

(a) B (b) C (c) D (d) F

**Ans. (a) :** विकल्प से-

| | दूध | पानी |
|---|---|---|
| (a) B→ | 90% | 10% |
| | ↓ | ↓ |
| | 200 | $\frac{200}{90}\times10=\boxed{22.2}$ लीटर |
| (b) C→ | 85% | 15% |
| | ↓ | ↓ |
| | 200 | $\frac{200}{85}\times15=35.3$ लीटर |
| (c) D→ | 82% | 18% |
| | ↓ | ↓ |
| | 200 | $\frac{200}{82}\times18=43.9$ लीटर |
| (d) F→ | 80% | 12% |
| | ↓ | ↓ |
| | 400 | $\frac{400}{88}\times12=54.5$ लीटर |

अतः स्पष्ट है कि विकल्प (a) में व्यक्ति B ने शुद्ध दूध में सबसे कम मात्रा में पानी मिलाया।

**99. Suppose, A, B and C mix their solutions in one vessel then what would be the concentration of milk in the new solution? (approximately)
मान लीजिए, A, B और C अपने घोल को एक पात्र में मिलाते हैं तो नए घोल में दूध की सांद्रता क्या होगी? (लगभग)**

(a) 75.2% (b) 78.21%
(c) 83.55% (d) 89.65%

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार,

| | दूध | पानी |
|---|---|---|
| A → | 80% | 20% |
| | ↓ | ↓ |
| | 400 | 100 |
| B → | 90% | 10% |
| | ↓ | ↓ |
| | 200 | 22.2 |
| C → | 85% | 15% |
| | ↓ | ↓ |
| | 200 | 35.3 |

कुल दूध (A + B + C) = 400 + 200 + 200 = 800 लीटर

कुल दूध और पानी = 800 + (100 + 22.2 + 35.3)

= 957.5 लीटर

अभीष्ट सान्द्रता $=\frac{800}{957.5}\times100=83.55\%$

**100. How many total litres of water was added by all the persons together? (approximately)
सभी व्यक्तियों द्वारा मिलाकर कुल कितने लीटर पानी मिलाया गया?(लगभग)**

(a) 469 (b) 450
(c) 456 (d) 478

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार,

| | दूध | पानी |
|---|---|---|
| A → | 80% | 20% |
| | ↓ | ↓ |
| | 400 | 100 |
| B → | 90% | 10% |
| | ↓ | ↓ |
| | 200 | 22.2 |
| C → | 85% | 15% |
| | ↓ | ↓ |
| | 200 | 35.3 |
| D → | 82% | 18% |
| | ↓ | ↓ |
| | 200 | 43.9 |
| E → | 75% | 25% |
| | ↓ | ↓ |
| | 600 | 200 |
| D → | 88% | 12% |
| | ↓ | ↓ |
| | 400 | 54.5 |

अतः सभी व्यक्तियों द्वारा मिलाकर डाला गया कुल पानी (लीटर)
= 100+22.2+35.3+43.9+200+54.5 = 455.9 ≈456

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

# प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) - 2023

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** (परीक्षा तिथि : 28-10-2023, Shift-II)

**निम्नलिखित गंद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. 1-5)**

इस रत्नगर्भा वसुंधरा के अंतःस्थल में हीरे-मणि-माणिक्य और सम्पदा का अभाव नहीं है। धरती का विस्तीर्ण अतल गर्भ अनंत धनराशि से भरा पड़ा है। आवश्यकता है, इसके वक्ष को चीरकर उन्हें उगलवा लेने वाले दृढ़ संकल्प और साहस की। धरती के अंदर विद्यमान धनराशि के कारण ही धरती वसुंधरा कहलाती है। इस धरा पर रहने वाले कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि यदि भाग्य में नहीं है तो हथेली पर आई वस्तु भी नष्ट हो जाती है। जब हम अपना चिंतन केवल भाग्यवाद को आधार मानकर करते हैं, तो हम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपेक्षित प्रयत्न नहीं करते। प्रयत्न के अभाव में फल भी नहीं मिलता और लोग भाग्य को दोष देते रहते हैं। ऐसे भाग्यवादी लोगों को कायर माना जाता है। अकूत सम्पदा तो उसी को मिल सकती है जो पूर्ण संकल्प के साथ कार्य में प्रवृत्त हो। जैसे अर्जुन का ध्यान पक्षी की बेधे जाने वाली आँख पर था, उसी प्रकार जो लक्ष्य के प्रति एकनिष्ठ होकर सतत प्रयासशील रहता है, समय के परिपाक के साथ उस लक्ष्य को पाने में सफल हो जाता है। ऐसे लोग जो भाग्य के सहारे बैठे रहते हैं और प्रतीक्षा करते रहते हैं कि अली बाबा की सिम-सिम वाली गुफा का द्वार कब खुलता है, उन्हें जब असफलता का अँधेरा अपने चारों ओर घिरता दिखाई देता है, तब वे पछतावा करते हैं कि उन्होंने व्यर्थ ही समय गँवा दिया। मनुष्य के पास सभी कुछ पा लेने की क्षमता होती है, पर कैसे उसे पाया जाएगा उसके लिए संपूर्ण-निर्णयशक्ति, दृढ़ संकल्प और अपेक्षित परिश्रम आवश्यक है। कई बार लक्ष्य के एकदम समीप पहुँच कर हम प्रयत्न करना छोड़ देते हैं और भाग्य को दोष देते हैं। भाग्य जैसी कोई वस्तु या तो होती ही नहीं है और या परिश्रम की चाबी के साथ मिलकर भाग्य की चाबी काम करती है। भाग्य की अकेली चाबी सफलता के ताले को नहीं खोल सकती। इसीलिए कवि तुलसीदास ने कहा है-

कायर मन कर एक अधारा। दैव दैव आलसी पुकारा।।

**1. गद्यांश में कायर किसको माना गया है?**

(a) जो अपेक्षित परिश्रम से डरकर भाग्य का आश्रय ले।
(b) जो युद्ध में शत्रु को पीठ दिखाकर भाग जाए।
(c) जो पड़ोसी के ललकारने पर घर के अंदर छिप जाए।
(d) जो मेहनत करने से पीछे न हटे।

**Ans. (a) :** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार जो अपेक्षित परिश्रम से डरकर भाग्य का आश्रय लेते हैं, ऐसे लोगों को कायर माना जाता है।

**2. भाग्य को कौन लोग दोष देते रहते हैं?**

(a) जो प्रयत्न के अभाव में फल न मिल पाने के कारण बचाव का बहाना खोजते हैं।
(b) जो परिश्रमशील होते हैं और सफल हो जाते हैं।
(c) जो किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।
(d) जिनको पहले से पता होता है कि उन्होंने मेहनत नहीं की है और वे सफल होने वाले नहीं हैं।

**Ans. (a) :** गद्यांश के अनुसार भाग्य को ऐसे लोग दोष देते हैं, जो प्रयत्न के अभाव में फल न मिल पाने के कारण बचाव का बहाना खोजते रहते हैं।

**3. 'परिश्रम' शब्द कौन-सी व्याकरणिक इकाई है?**

(a) सर्वनाम (b) संज्ञा
(c) विशेषण (d) क्रिया-विशेषण

**Ans. (b) :** 'परिश्रम' संज्ञा शब्द है, इसका विशेषण रूप 'परिश्रमी' होगा। सर्वनाम ऐसे शब्द होते हैं, जो संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं तथा क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द 'क्रिया विशेषण' कहलाते हैं।

**4. जब हम अपना चिंतन केवल भाग्यवाद को आधार मानकर करते हैं तब क्या होता है?**

(a) हम पूरी तरह से मेहनत करते हैं।
(b) हम सफल हो जाते हैं।
(c) हम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपेक्षित प्रयत्न नहीं करते हैं और असफल होते हैं।
(d) संपूर्ण-निर्णयशक्ति, दृढ़ संकल्प और अपेक्षित परिश्रम करने के कारण सफलता पा लेते हैं।

**Ans. (c) :** गद्यांश के अनुसार, जब हम अपना चिंतन केवल भाग्यवाद को आधार मानकर करते हैं, तब हम लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपेक्षित प्रयत्न नहीं करते हैं और फलस्वरूप हम असफल होते हैं।


**5. जीवन में भाग्य का फल किसको मिलता है?**

(a) जो भाग्य की अकेली चाबी से सफलता के ताले को खोलने का प्रयास करते हैं।
(b) जो भाग्य के सहारे बैठे रहते हैं और प्रतीक्षा करते रहते हैं कि अली बाबा की सिम-सिम वाली गुफा का द्वार कब खुलता है।
(c) जो परिश्रम की चाबी के साथ भाग्य की चाबी मिलाकर सफलता का ताला खोलने का प्रयास करते हैं।
(d) जो दैव-दैव पुकार कर सफलता के ताले को खोलने का प्रयास करते हैं।

**Ans. (c) :** जो लोग परिश्रम की चाबी के साथ भाग्य की चाबी मिलाकर सफलता का ताला खोलने का प्रयास करते हैं, उन्हीं को जीवन में भाग्य का फल भी प्राप्त होता है।

**(Q. 6-10) : The following graph shows the time taken by different people to complete the work :**

**(प्र. 6-10) : निम्नलिखित ग्राफ विभिन्न लागों द्वारा कार्य पूरा करने में लगने वाले समय को दर्शाता है :**



**6. Sneha is twice as efficient as Kailash and together they do the same work in as much time as taken by Chaman and Axay together. In how many days Kailash can complete the work individually?/स्नेहा कैलाश से दोगुनी कुशल है और वे दोनों मिलकर उतना ही काम करते हैं जितने समय में चमन और अक्षय मिलकर करते हैं। कैलाश व्यक्तिगत रूप से कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?**

(a) 10 days/दिन (b) 5 days/दिन
(c) 15 days/दिन (d) 20 days/दिन

**Ans. (d) :** दिया गया है-
चमन को काम समाप्त करने में लगा समय = 10 दिन
कैलाश को काम समाप्त करने में लगा समय = 20 दिन
माना स्नेहा कार्य को करती है = $x$ दिनों में
कैलाश कार्य को करती है = $2x$ दिनों में
प्रश्नानुसार,

$$\Rightarrow \frac{x\times 2x}{x+2x}=\frac{10\times 20}{10+20} \Rightarrow \frac{2x^2}{3x}=\frac{200}{30}$$

$\Rightarrow 2x\times 30 = 200\times 3$
$\therefore x = 10$
कैलाश द्वारा कार्य समाप्त करने में लगा समय $= 2x$
$= 2\times 10 = 20$ दिन

**7. What is the total time taken to complete the work if all of them work together?**
**यदि वे सभी एक साथ कार्य करें तो कार्य को पूरा करने में कुल कितना समय लगेगा?**

(a) 29/40 days/दिन (b) 40/29 days/दिन
(c) 80/29 days/दिन (d) 29/80 days/दिन

**Ans. (c) :** उपर्युक्त ग्राफ के अनुसार सभी लोगों द्वारा एक साथ कार्य करने में लगा समय

$$=\frac{1}{\frac{1}{15}+\frac{1}{10}+\frac{1}{20}+\frac{1}{12}+\frac{1}{16}}=\frac{1}{\frac{16+24+12+20+15}{240}}$$

$=\frac{240}{87}=\frac{80}{29}$ दिन

**8. Which of the following groups take minimum time of complete the work?/निम्नलिखित में से कौन-सा समूह कार्य को पूरा करने में न्यूनतम समय लेता है?**

(a) Chaman and Ramesh/चमन और रमेश
(b) Rakesh and Axay/राकेश और अक्षय
(c) Axay and Ramesh/अक्षय और रमेश
(d) Chaman and Axay/चमन और अक्षय

**Ans. (a) :** विकल्पों से,

(a)(चमन और रमेश)$\Rightarrow \frac{10\times 12}{10+12}=\frac{120}{22}=5\frac{5}{11}$ दिन

(b) (राकेश और अक्षय)$\Rightarrow \frac{15\times 20}{15+20}=\frac{300}{35}=\frac{60}{7}=8\frac{4}{7}$ दिन

(c)(अक्षय और रमेश)$\Rightarrow \frac{20\times 12}{20+12}=\frac{240}{32}=\frac{15}{2}=7\frac{1}{2}$ दिन


(d) (चमन और अक्षय)$\Rightarrow \frac{10\times 20}{10+20}=\frac{200}{30}=6\frac{2}{3}$ दिन

उपर्युक्त हल से स्पष्ट है कि विकल्प (a) के कार्य समूह (चमन और रमेश) सबसे कम समय $5\frac{5}{11}$ दिन में कार्य पूरा करेंगे।

**9. After working for 5 days Rakesh is joined by Axay. If they complete the remaining work in 5 more days, in how many days can Axay alone complete the work?/5 दिनों तक काम करने के बाद राकेश से अक्षय जुड़ जाता है। यदि वे शेष कार्य को 5 और दिनों में पूरा करते हैं, तो अक्षय अकेले कितने दिनों में कार्य पूरा कर सकता है?**

(a) 10 days/दिन (b) 5 days/दिन
(c) 15 days/दिन (d) 20 days/दिन

**Ans. (c) :**




कुल कार्य = 60 इकाई
राकेश का 5 दिन का कार्य = 4 × 5 = 20 इकाई
शेष कार्य को राकेश और अक्षय का एक दिन का कार्य

$$=\frac{(60-20)}{5}=8 \text{ इकाई}$$

$\because$ राकेश का एक दिन का कार्य = 4 इकाई
अतः अक्षय के एक दिन का कार्य = 8 – 4 = 4 इकाई
अक्षय द्वारा अकेले कार्य समाप्त करने में लगा समय $=\frac{60}{4}=15$ दिन

**10. Chaman and Axay started the work jointly. A few days later Mihir also joined them and thus all of them completed the whole work in 5 days. All of them were paid total ₹ 3,000. What is the share of Mihir?**
**चमन और अक्षय ने संयुक्त रूप से काम शुरू किया। कुछ दिनों बाद मिहिर भी उनके साथ शामिल हो गया और इस तरह उन सभी ने 5 दिनों में पूरा काम पूरा कर लिया। इन सभी को कुल मिलाकर ₹ 3,000 का भुगतान किया गया। मिहिर का हिस्सा कितना है?**

(a) ₹ 600 (b) ₹ 500 (c) ₹ 700 (d) ₹ 750

**Ans. (d) :** माना कुल कार्य $= x$ इकाई
प्रश्नानुसार,

5 दिनों में चमन द्वारा किया गया कार्य $=\frac{5x}{10}$ इकाई

5 दिनों में अक्षय द्वारा किया गया कार्य $=\frac{5x}{20}$ इकाई

मिहिर द्वारा किया गया कार्य $= x-\left(\frac{x}{10}+\frac{x}{20}\right)\times 5$


$$=\frac{4x-3x}{4}=\frac{x}{4}$$

चमन : अक्षय : मिहिर
↓
क्षमता $\rightarrow \frac{5x}{10} : \frac{5x}{20} : \frac{x}{4}$
= 2इकाई : 1इकाई : 1इकाई

3000 की राशि में मिहिर का अंश $=\frac{3000\times 1}{(2+1+1)}=$ ₹ 750

**(Q. 11-15) : Given bar graph shows the percentage of jobs held by peoples of India, Afghanistan and Nepal in the Gulf over the different years. Study the bar graph and answer the following questions:**

**(प्र. 11-15): दिया गया बार ग्राफ विभिन्न वर्षों में खाड़ी (गल्फ) में भारत, अफगानिस्तान और नेपाल के लोगों द्वारा धारित नौकरियों का प्रतिशत दर्शाता है। बार ग्राफ का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:**




**11. If the ratio of the total persons who are doing their jobs in the year 2018 and 2021 is 3:5 and the total Indians in the Gulf in 2021 are 4400, then find the total Nepal people in the year 2018 in Gulf./यदि वर्ष 2018 और 2021 में नौकरी करने वाले कुल व्यक्तियों का अनुपात 3:5 है और 2021 में खाड़ी (गल्फ) में कुल भारतीय 4400 हैं, तो वर्ष 2018 में खाड़ी (गल्फ) में नेपाल के कुल लोगों का पता लगाएँ।**

(a) 2250 (b) 1525
(c) 1575 (d) 1680

**Ans. (d) :** दिया गया है-
2021 में खाड़ी देशों में नौकरी करने वाले कुल भारतीयों की = 4400
2021में खाड़ी देशों में नौकरी करने वाले कुल भारतीयों का प्रतिशत = 27.5%

$\because 27.5\% = 4400$

$\therefore 100\% = \frac{4400}{27.5} \times 100 = 16000$

खाड़ी देशों कुल नौकरी करने वालों की संख्या = 16000
2018 में खाड़ी देशों में नौकरी करने वालों की संख्या

$= 16000 \times \frac{3}{5} = 9600$

2018 में खाड़ी देशों नौकरी करने वाले नेपाली लोगों की संख्या

$= 9600 \times \frac{17.5}{100} = 1680$

**12. If the total Afghanistan people in the year 2018 are 2340 and ratio of Afghanistan people in the years 2018 and 2019 is 45:88, then find the total number of persons in the Gulf in the years 2018 and 2019 together.**
**यदि वर्ष 2018 में अफगानिस्तान के कुल लोगों की संख्या 2340 है और वर्ष 2018 और 2019 में अफगानिस्तान के लोगों को अनुपात 45:88 है, तो वर्ष 2018 और 2019 में मिलाकर खाड़ी (गल्फ) में व्यक्तियों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।**

(a) 20800 (b) 22000
(c) 16700 (d) 17500

**Ans. (a) :** दिया गया है-
2018 में खाड़ी देशों नौकरी करने वाले अफगानिस्तानी लोगों की संख्या = 2340
2018 में खाड़ी देशों में नौकरी करने वाले कुल अफगानिस्तानी लोगों की संख्या $= \frac{2340 \times 100}{25} = 9360$
2019 में खाड़ी देशों में नौकरी करने वाले अफगानिस्तानी लोगों की संख्या $= \frac{2340 \times 88}{45} = 4576$
2019 में खाड़ी देशों में नौकरी करने वाले कुल अफगानिस्तानी लोगों की संख्या $= \frac{4576 \times 100}{40} = 11440$
अतः वर्ष 2018 और 2019 में खाड़ी देशों में नौकरी करने वाले कुल भारतीयों की संख्या = 9360 + 11440 = 20800

**13. If ratio of total persons in all the given years from 2018 to 2022 is 2 : 3 : 3 : 4 : 5, then find the ratio of total Indians in the Gulf over all the given years from 2018 to 2022.**
**यदि 2018 से 2022 तक सभी दि गए वर्षो में कुल व्यक्तियों का अनुपात 2 : 3 : 3 : 4 : 5 है, तो 2018 से 2022 तक सभी दिए गए वर्षों में खाड़ी (गल्फ) में कुल भारतीयों का अनुपात ज्ञात करें।**

(a) 25 : 23 : 21 : 22 : 20 (b) 23 : 27 : 25 : 24 : 30
(c) 23 : 27 : 21 : 22 : 20 (d) 24 : 27 : 21 : 23 : 20

**Ans. (c) :** दिया गया है-
2018 से 2022 तक खाड़ी देशों में नौकरी करने लोगों की संख्या का अनुपात = 2:3:3:4:5
2018 से 2022 तक खाड़ी देशों में नौकरी करने वाले भारतीयों का अनुपात
$= 2\times57.5 : 3\times45 : 3\times35 : 4\times27.5 : 5\times20$
= 23 : 27 : 21 : 22 : 20

**14. If total Indians in Gulf in the year 2019 are equal to the total Afghanistan people in Gulf in the year 2022, then find the ratio of Nepal people in Gulf in the respective years.**
**यदि वर्ष 2019 में खाड़ी (गल्फ) में कुल भारतीयों की संख्या वर्ष 2022 में खाड़ी (गल्फ) में अफगानिस्तान के कुल लोगों के बराबर है, तो संबंधित वर्षों में खाड़ी (गल्फ) में नेपाल के लोगों का अनुपात ज्ञात कीजिए।**

(a) 2 : 5 (b) 1 : 5
(c) 2 : 3 (d) 3 : 5

**Ans. (b) :** माना,
वर्ष 2009 में खाड़ी देशों में कुल जनसंख्या = a
और वर्ष 2022 में खाड़ी देशों में कुल जनसंख्या = b
प्रश्नानुसार,
$a \times 45\% = b \times 30\%$

$\frac{a}{b} = \frac{2}{3}$

$\therefore$ 2019 और 2022 में नेपाली लोगों की संख्या का अनुपात
$= 2\times15 : 3\times50$
= 30 : 150
= 1:5

**15. If total persons in 2020 are three times the total Nepal people in 2021 and also the total Indians in the year 2020 are 5775, then find that the total Indians in the year 2020 are how much percent more than the total Nepal people in the year 2021.**

**यदि 2020 में कुल व्यक्ति 2021 में कुल नेपाल लोगों के तीन गुना हैं और वर्ष 2020 में कुल भारतीय 5775 है, तो ज्ञात करें कि वर्ष 2020 में कुल भारतीय वर्ष 2021 में कुल नेपाल लोगों से कितने प्रतिशत अधिक हैं।**

(a) 2.5% (b) 0%
(c) 4% (d) 5%

**Ans. (d) :** दिया गया है-
2020 में खाड़ी देशों में भारतीयों की संख्या = 5775
2020 में खाड़ी देशों में कुल जनसंख्या

$$= \frac{5775 \times 100}{35} = 16500$$

2021 में खाड़ी देशों में नेपाली लोगों की संख्या

$$= \frac{16500}{3} = 5500$$

अभीष्ट वृद्धि% $= \frac{(5775 - 5500) \times 100}{5500} = \frac{275 \times 100}{5500} = 5\%$

**(Q. 16-20) : Study the data carefully and answer the questions given below :**

**The table shows the items sold by a shopkeeper and their prices and profit.**

**(प्र. 16-20) : डेटा का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न के उत्तर दें :**

**तालिका एक दुकानदार द्वारा बेची गई वस्तुओं और उनकी कीमतों और लाभ को दर्शाती है।**

| Item वस्तुएँ | Cost Price लागत मूल्य | Profit% लाभ% | Discount छूट |
|---|---|---|---|
| Bag/बैग | 230 | 10% | 48 |
| Shirt/शर्ट | 320 | 15% | 96 |
| Eye-Glasses/चश्में | 200 | 25% | 35 |
| Pant/पैंट | 450 | 12% | 72 |
| Book/पुस्तक | 140 | 20% | 14 |

**16. If the cost price of the Ring is 30% more than the cost price of Shirt and the shopkeeper wants to earn 25% after giving 35% discount so what will be the marked price?**

**यदि अँगूठी का लागत मूल्य शर्ट के लागत मूल्य से 30% अधिक है और दुकानदार 35% छूट देकर 25% अर्जित करना चाहता है, तो अंकित मूल्य क्या होगा?**

(a) ₹ 710 (b) ₹ 650
(c) ₹ 800 (d) ₹ 840

**Ans. (c) :** दिया गया है-
शर्ट का क्र.मू. = ₹ 320

अंगूठी का क्र.मू. $= 320 \times \frac{(100+30)}{100}$

$$= 320 \times \frac{130}{100} = ₹416$$

35% छूट के बाद 25% लाभ कमाने हेतु

अंगूठी का अंकित मूल्य क्र.मू. $=$ क्रय मूल्य $\times \frac{(100 + \text{लाभ}\%)}{(100 - \text{छूट}\%)}$

$$= 416 \times \frac{(100+25)}{(100-35)}$$

$$= 416 \times \frac{125}{65} = ₹800$$

**17. The shopkeeper sold 2 Shirts, 3 Eye-glasses, 2 Pants and 1 Book to a customer. What is his approximate average profit?**

**दुकानदार ने एक ग्राहक को 2 शर्ट, 3 चश्मे, 2 पैंट और 1 किताब बेची। उसका अनुमानित औसत लाभ क्या है?**

(a) ₹ 56 (b) ₹ 60.12
(c) ₹ 52.15 (d) ₹ 47.75

**Ans. (d) :** दिया गया है-
2 शर्ट, 3 चश्में, 2 पैंट और एक किताब का कुल क्रय मूल्य
= 2×320+200×3+2×450+1×140
= 640+600+900+140 = ₹2280
2 शर्ट, 3 चश्में 2 पैंट और एक किताब का वि0मू0

$$= 2 \times 320 \times \frac{115}{100} + 3 \times 200 \times \frac{125}{100} + 2 \times 450 \times \frac{112}{100} + 140 \times \frac{120}{100}$$

= 736 +750+1008+168 = ₹ 2662

लाभ का औसत $= \frac{2656 - 2280}{(2+3+2+1)} = \frac{382}{8} = ₹47.75$

**18. Sneha purchases 1 Shirt, 2 Bags and 1 Pant and shopkeeper gave 5% additional discount on the marked price, find the approximate total profit of the shopkeeper.**

**स्नेहा ने 1 शर्ट, 2 बैग और 1 पैंट खरीदा और दुकानदार ने अंकित मूल्य पर 5% अतिरिक्त छूट दी, दुकानदार का अनुमानित कुल लाभ ज्ञात कीजिए।**

(a) 80.95 (b) 72.3
(c) 65.9 (d) 78.45

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार,
1 शर्ट का विक्रय मूल्य = ₹320

वि.मू. $= 320 \times \frac{115}{100} = ₹368$

अंकित मूल्य = 368 + 96 = ₹464

5% की छूट पर वि.मू. $= 464 \times \frac{95}{100} = ₹440.80$

नया वि.मू. = 440.80 – 96 = 344.80
1 शर्ट पर प्राप्त लाभ = 344.80 – 320 = ₹ 24.80
2 बैग का क्र.मू. = 230×2 = ₹460

वि.मू. $= 460 \times \frac{110}{100} = ₹506$

अंकित मूल्य = 506+48×2 = ₹602

5% की छूट पर वि.मू. $= 602 \times \frac{95}{100} = ₹571.90$

नया वि.मू. = 571.90 – 48×2 = ₹475.90
2 बैग पर प्राप्त लाभ = 475.90 – 460 = 15.90
1 पैंट का क्र.मू. = ₹450

वि.मू. $= 450 \times \frac{112}{100} \Rightarrow ₹504$

अंकित मूल्य $= 504+72 \Rightarrow ₹576$

5% की छूट पर वि.मू. $= 576\times\frac{95}{100} \Rightarrow 547.20$

नया वि.मू. $= 547.20 - 72 \Rightarrow 475.20$

एक पैंट पर प्राप्त लाभ $= 475.20 - 450 = 25.20$

दुकानदार को पूरे क्रय विक्रय पर प्राप्त लाभ

$= 24.80 + 15.90 + 25.20 = ₹65.90$

**19. Marked price of Eye-glass is approximately how much percent more than the marked price of Book?/चश्मे का अंकित मूल्य पुस्तक के अंकित मूल्य से लगभग कितना प्रतिशत अधिक है?**

(a) 50% (b) 56.59%
(c) 87.15% (d) 62.19%

**Ans. (b) :** चश्में का क्र.मू. $= ₹200$

25% की लाभ पर वि.मू. $= 200\times\frac{125}{100} = ₹250$

अंकित मूल्य $= 250+35 = ₹285$

पुस्तक का क्र.मू. $= ₹140$

20% की लाभ पर वि.मू. $= 140\times\frac{120}{100} = 168$

अंकित मूल्य $= 168+14 = ₹182$

अभीष्ट अधिक % $= \frac{(285-182)\times100}{182}$

$= \frac{103\times100}{182} = 56.59\%$

**20. What is the ratio of the discount percent of the Eye-glasses and Book sold by shopkeeper? दुकानदार द्वारा बेचे गए चश्मे और किताब पर छूट प्रतिशत का अनुपात क्या है?**

(a) 91 : 57 (b) 25 : 16
(c) 57 : 91 (d) 16 : 25

**Ans. (a) :** चश्में का क्र.मू. $= ₹200$

वि.मू. $= 200\times\frac{125}{100} = ₹250$

अंकित मूल्य $= 250+35 = ₹285$

अभीष्ट छूट % $= \frac{35\times100}{285}$

पुस्तक का क्र.मू. $= ₹140$

वि.मू. $= 140\times\frac{120}{100} \Rightarrow ₹168$

अंकित मूल्य $= 168+14 \Rightarrow 182$

अभीष्ट छूट % $= \frac{14\times100}{182}$

अभीष्ट छूट प्रतिशत का अनुपात

$= \frac{35\times100}{285} : \frac{14\times100}{182} = 91:57$

**(Q. 21-25) : The questions are based on the following table chart which represents the advertisement expenditure (in ₹ crores) of a trading company from 2015-16 to 2020-21 on four of its products P, Q, R and S. (Profit = Sales – Advertising expenditure)**

**(प्र. 21-25) : प्रश्न निम्नलिखित तालिका चार्ट पर आधारित हैं जो एक ट्रेडिंग कंपनी के 2015-16 से 2020-21 तक उसके चार उत्पादों P, Q, R और S पर विज्ञापन व्यय (₹ करोड़ में) को दर्शाता है। (लाभ = बिक्री – विज्ञापन व्यय)**

| Year/वर्ष | P | Q | R | S |
|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | 50 | 75 | 50 | 25 |
| 2016-17 | 25 | 75 | 50 | 25 |
| 2017-18 | 50 | 50 | 75 | 25 |
| 2018-19 | 75 | 25 | 0 | 25 |
| 2019-20 | 50 | 75 | 50 | 50 |
| 2020-21 | 75 | 50 | 100 | 25 |

**दिए गए वर्षों के लिए बिक्री इस प्रकार है:**
**Sales for given years are as follows:**

| | |
|---|---|
| 2015-16 | ₹ 300 करोड़/crores |
| 2016-17 | ₹ 450 करोड़/crores |
| 2017-18 | ₹ 500 करोड़/crores |
| 2018-19 | ₹ 150 करोड़/crores |
| 2019-20 | ₹ 600 करोड़/crores |
| 2020-21 | ₹ 700 करोड़/crores |

**21. In which year the product Q's profit is the highest, if its sales form 20% of the total sales every year?/किस वर्ष में उत्पाद Q का लाभ सबसे अधिक है, यदि इसकी बिक्री हर साल कुल बिक्री का 20% है?**

(a) 2019-20 (b) 2020-21
(c) 2018-19 (d) 2016-17

**Ans. (b) :** विकल्पों से,

(a) वर्ष 2019-20 में Q के विज्ञापन पर व्यय $= ₹$ 75 करोड़

वर्ष 2019-20 में Q का कुल बिक्री $= 600\times\frac{20}{100}$

$= ₹120$ करोड़

लाभ $= 120 - 75 = ₹45$ करोड़

(b) Q का वर्ष 2020-21 में विज्ञापन पर कुल व्यय $= ₹50$करोड़

Q का वर्ष 2020-21 में कुल बिक्री

$= 700\times\frac{20}{100} = ₹140$ करोड़

Q का वर्ष 2020-21 में प्राप्त कुल लाभ $= 140–50= ₹90$ करोड़

(c) Q का वर्ष 2018-19 में विज्ञापन पर कुल व्यय $= ₹25$ करोड़

Q का वर्ष 2018-19 में कुल बिक्री $= 150\times\frac{20}{100} = ₹30$ करोड़

Q की वर्ष 2018-19 में प्राप्त कुल लाभ $= 30 - 25 = ₹5$करोड़

(d) Q की वर्ष 2016-17 में विज्ञापन पर कुल व्यय $= ₹75$ करोड़

Q का वर्ष 2016-17 में बिक्री से प्राप्त कुल राशि

$= 450\times\frac{20}{100} = ₹90$ करोड़

Q को वर्ष 2016-17 में प्राप्त कुल लाभ $= 90 - 75 = ₹15$करोड़

अतः उपर्युक्त हल से स्पष्ट है कि वर्ष 2020-21 में को ₹90 करोड़ सबसे अधिक लाभ प्राप्त हुआ है।

**22. In 2021-22, the sales of the company decreases by 30% Total advertising expenses for 2021-22 grow at the same rate as they did from the total advertising expenses 2019-20 to 2020-21. What is the approximate profit for 2021-22?**
**2021-22 में कंपनी की बिक्री 30% घट गई। 2021-22 के लिए कुल विज्ञापन खर्च उसी दर से बढ़े, जिस दर से 2019-20 से 2020-21 तक कुल विज्ञापन खर्च बढ़े थे। 2021-22 के लिए अनुमानित लाभ क्या है?**

(a) ₹ 300 crores/करोड़
(b) ₹ 400.12 crores/करोड़
(c) ₹ 520.122 crores/करोड़
(d) ₹ 212.225 crores/करोड़

**Ans. (d) :** वर्ष 2019-20 में विज्ञापन पर कुल व्यय
= 50+75+50+50 = ₹225 करोड़
वर्ष 2020-21 में विज्ञापन पर कुल व्यय
= 75+50+100+25 = ₹250 करोड़
वर्ष 2019-20 से 2020-21 में व्यय में वृद्धि %
$$= \frac{(250-225)\times 100}{225} = 11.11\%$$
वर्ष 2021-22 में अनुमानित खर्च
$$= 250\times\frac{111.11}{100} = ₹277.78 \text{ करोड़}$$
वर्ष 2021-22 में कुल बिक्री
$$= 700\times\frac{(100-30)}{100} = ₹490 \text{ करोड़}$$
अतः कंपनी को वर्ष 2021-22 में प्राप्त अनुमानित लाभ
= 490 – 277.78 = 212.225 करोड़

**23. If the advertising expenditure for all the products in the year 2016-17 is halved and that in 2020-21 is doubled and for the other years it remains the same, then during which year the profit is the highest?**
**यदि वर्ष 2016-17 में सभी उत्पादों के लिए विज्ञापन व्यय आधा हो जाता है और 2020-21 में दोगुना हो जाता है और अन्य वर्षों के लिए यह समान रहता है, तो किस वर्ष के दौरान लाभ सबसे अधिक है?**
(a) 2019-20 (b) 2017-18
(c) 2020-21 (d) 2018-19

**Ans. (a) :** विकल्पों में,
(a) वर्ष 2019-20 में विज्ञापन पर की गयी कुल व्यय
=50+75+50+50 = ₹225
वर्ष 2019-20 में की कुल बिक्री = ₹600 करोड़
वर्ष 2019-20 में प्राप्त कुल लाभ = 600 – 225= ₹375 करोड़
(b) 2017-18 में विज्ञापन पर की गयी कुल व्यय
= 50+50+75+25= ₹200 करोड़
2017-18 में की गयी कुल बिक्री = ₹500 करोड़
लाभ = 500–200 ⇒ ₹ 300 करोड़
(c) 2020-21 में विज्ञापन पर कुल खर्च
= 75+50+100+25
= ₹250 करोड़
= 250×2
= ₹500 करोड़ (प्रश्नानुसार)
2020-21 में कुल बिक्री = ₹700 करोड़
कुल लाभ = 700 – 500 = ₹ 200 करोड़
(d) वर्ष 2018-19 में विज्ञापन पर कुल खर्च
= 75+25+0+25=₹125 करोड़
वर्ष 2018-19 में उत्पाद की कुल बिक्री = ₹ 150करोड़
वर्ष 2018-19 में प्राप्त कुल लाभ = 150 – 125 = ₹25 करोड़
अतः उपर्युक्त विकल्पों के हल से स्पष्ट है कि विकल्प (a) 2019-20 में ₹375 करोड़ का लाभ प्राप्त हुआ जो सबसे अधिक है।

**24. Among the given years, the advertising expenditure of product S as a percentage of the advertising expenditure of P and R together is least in/दिए गए वर्षों में, उत्पाद S का विज्ञापन व्यय P और R के मिलाकर विज्ञापन व्यय के प्रतिशत के रूप में किस वर्ष में सबसे कम है?**
(a) 2016-17 (b) 2017-18
(c) 2020-21 (d) 2018-19

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार विकल्पों से,
उत्पाद 'S' का विज्ञापन व्यय P और R के मिलाकर विज्ञापन व्यय का प्रतिशत निम्नवत् है-
(a) 2016-17 का व्यय प्रतिशत $= \frac{S\times 100}{(P+R)}$
$$= \frac{25}{(25+50)}\times 100 = 33.33\%$$
(b) 2017-18 का व्यय प्रतिशत $= \frac{25}{(50+75)}\times 100$
$$= \frac{25}{125}\times 100 = 20\%$$
(c) वर्ष 2020-21 का व्यय प्रतिशत $= \frac{25}{75+100}\times 100$
$$= \frac{25}{175}\times 100 = 14.28\%$$
(d) वर्ष 2018-19 का व्यय प्रतिशत $= \frac{25}{(75+0)}\times 100$
$$= \frac{25}{75}\times 100 = 33.33\%$$
अतः उपर्युक्त हल से स्पष्ट है कि विकल्प (c) 2020-21 में सबसे कम व्यय प्रतिशत 14.28% रहा।

**25. If the ratio of sales of the products P, Q, R and S in the year 2020-21 is 2 : 5 : 1 : 2, then the profit of S is approximately what percentage of the profit of Q in the same year?**
**यदि वर्ष 2020-21 में उत्पादों P, Q, R और S की बिक्री का अनुपात 2 : 5 : 1 : 2 है, तो S का लाभ उसी वर्ष Q के लाभ का लगभग कितना प्रतिशत है?**
(a) 38.33% (b) 33.33%
(c) 45.38% (d) 22.85%

**Ans. (a) :** वर्ष 2020-21 में S का विज्ञापन पर व्यय =₹25करोड़
वर्ष 2020-21 में 'S' को उत्पादों की कुल बिक्री
$$= \frac{2}{(2+5+1+2)}\times 700 \quad \Rightarrow \frac{2}{10}\times 700 = ₹140 \text{ करोड़}$$
S का लाभ = 140 – 25 = 115 करोड़
वर्ष 2020-21 में Q का विज्ञापन पर व्यय = ₹50 करोड़
वर्ष 2020-21 में Q के उत्पाद का कुल बिक्री
$$= \frac{5}{(2+5+1+2)}\times 700$$
$$= \frac{5\times 700}{10} = ₹350 \text{ करोड़}$$
Q का लाभ = 350 – 50 = 300
$$\text{अभीष्ट लाभ}\% = \frac{115\times 100}{300} = 38.33\%$$

**26. By whom the Fort William College located at Kolkata was founded in year 1800?**
**कोलकाता स्थित फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना वर्ष 1800 में किसके द्वारा की गई थी?**
(a) Lord William Bentinck/लॉर्ड विलियम बेंटिंक
(b) Richard Wellesley/रिचर्ड वेलेजली
(c) Warren Hastings/वॉरेन हेस्टिंग्स
(d) Jonathan Duncan/जोनाथन डंकन

**Ans. (b) :** कोलकाता स्थित फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना वर्ष 1800 में तत्कालीन गवर्नर जनरल रिचर्ड वेलेजली द्वारा की गई थी। यह कॉलेज कलकत्ता के फोर्ट विलियम परिसर के भीतर स्थापित किया गया था। इस कॉलेज को स्थापित करने का उद्देश्य ब्रिटिश अधिकारियों को भारतीय भाषाओं में प्रशिक्षण देना था। इसका पूर्व नाम ओरियंटल सेमिनरी था।

**27. Which of the following was the first Harappan site excavated in Independent India?**
**स्वतंत्र भारत में उत्खनन किया गया पहला हड़प्पा स्थल निम्नलिखित में से कौन सा था?**
(a) Kalibangan/कालीबंगा (b) Desalpur/देसलपुर
(c) Lothal/लोथल (d) Ropar/रोपड़

**Ans. (d) :** पंजाब प्रान्त में सतलज नदी के बाएं तट पर स्थित रोपड़ हड़प्पा स्थल भारत का ऐसा सैन्धव स्थल है जहाँ स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् सर्वप्रथम उत्खनन किया गया था। इसका आधुनिक नाम रूपनगर है। 1950 में इसकी खोज बी.बी. लाल ने की तथा 1953-55 के दौरान यज्ञदत्त शर्मा ने इसकी खुदाई करवाई। यहाँ से संस्कृति के छः चरण मिले हैं।

**28. Prashasti of Samudragupta in the form of a poem in Sanskrit was composed by which poet that was inscribed on the Ashokan pillar at Allahabad?/समुद्रगुप्त की प्रशस्ति, संस्कृत में एक कविता के रूप में किस कवि द्वारा रचित थी जिसे इलाहाबाद में अशोक स्तंभ पर अंकित किया गया था?**
(a) Bharavi/भारवि (b) Bhasa/भास
(c) Harishena/हरिषेण (d) Banadhatta/बाणभट्ट

**Ans. (c) :** समुद्रगुप्त की प्रशस्ति संस्कृत के एक कविता के रूप में कवि हरिषेण द्वारा रचित है। जिसे इलाहाबाद में अशोक स्तम्भ पर अंकित किया गया था। समुद्रगुप्त के विजयों का प्रमुख स्रोत प्रयाग स्तम्भ लेख हैं, जो चम्पू शैली में लिखा गया है। इसे प्रयाग प्रशस्ति भी कहा जाता है।

**29. Khizr Khan was a ruler of Delhi, belonged to which of the following dynasties?**
**खिज्र खान दिल्ली का शासक था, निम्नलिखित में से किस राजवंश से संबंधित था?**
(a) Turkish Dynasty/तुर्की राजवंश
(b) Tughlaq Dynasty/तुगलक राजवंश
(c) Sayyid Dynasty/सैय्यद राजवंश
(d) Lodi Dynasty/लोदी राजवंश

**Ans. (c) :** खिज्र खान दिल्ली का शासक था। वह सैय्यद वंश से संबंधित था। सैय्यद वंश दिल्ली सल्तनत का चौथा राजवंश था जिसके चार शासक थे जिन्होंने 1414 से 1451 तक शासन किया। वह तैमूरलंग का सेनापति था। भारत से वापस जाते समय तैमूर ने खिज्र खान को मुल्तान लाहौर और दिपालपुर का गर्वनर के रूप में नियुक्त किया था। उसने दिल्ली पर कब्जा कर 1414 ई. में सैय्यद वंश की स्थापना की।

**30. The teachings of Mahavira and his followers were transmitted orally for several centuries, they were written down about 1500 years ago, presently those are available at which of the following places?**
**महावीर और उनके अनुयायियों की शिक्षाएँ कई शताब्दियों तक मौखिक रूप से प्रसारित होती रहीं। इन्हें लगभग 1500 वर्ष पहले लिखा गया था। वर्तमान में वे निम्नलिखित में से किस स्थान पर उपलब्ध हैं?**
(a) Patna, Bihar/पटना, बिहार
(b) Shravasti, Uttar Pradesh/श्रावस्ती, उत्तर प्रदेश
(c) Valabhi, Gujarat/वल्लभी, गुजरात
(d) Shravanabelagola, Karnataka
श्रवणबेलगोला, कर्नाटक

**Ans. (c) :** महावारी स्वामी और उनके अनुयायियों की शिक्षाओं का संकलन द्वितीय जैन संगीति (512 ई.) के समय वल्लभी, गुजरात में किया गया, यहाँ कुल 12 अंगों एवं 12 उपांगो को लिपिबद्ध किया गया, संगीति की अध्यक्षता देवर्धि क्षमाश्रमण ने की थी। प्रथम जैन संगीति की अध्यक्षता स्थूलभद्र ने पाटलिपुत्र (322 BC) में की थी।

**31. Match the following events of the Indian National Movement with the year they had taken place:/भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की निम्नलिखित घटनाओं को उनके घटित होने के वर्ष से मिलाएँ :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(i)** | **Peasant movement in Bardoli बारदोली में किसान आंदोलन** | **(a)** | **1921** |
| **(ii)** | **Mahatma Gandhi visited Noakhali/महात्मा गाँधी ने नोआखली की यात्रा की** | **(b)** | **1918** |
| **(iii)** | **Gandhiji began wearing a loincloth/गाँधीजी ने लंगोटी पहनना शुरू किया** | **(c)** | **1946** |
| **(iv)** | **Mill workers strike in Ahmedabad/अहमदाबाद में मिल मजदूरों की हड़ताल** | **(d)** | **1928** |

(a) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(b), (iv)-(a)
(b) (i)-(d), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(a)
(c) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(a), (iv)-(b)
(d) (i)-(b), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(a)

**Ans. (c) :** सही सुमेलन इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | बारदोली में किसान आंदोलन | 1928 |
| (ii) | महात्मा गाँधी ने नोआखली की यात्रा की | 1946 |
| (iii) | गाँधीजी ने लंगोटी पहनना शुरू किया | 1921 |
| (iv) | अहमदाबाद में मिल मजदूरों की हड़ताल | 1918 |

**32. After suspending the Non-Cooperation movement in the year 1922, Gandhiji was arrested at Ahmedabad and sentenced to simple imprisonment for how many years?**
**वर्ष 1922 में असहयोग आंदोलन को निलंबित करने के बाद गाँधीजी को अहमदाबाद में गिरफ्तार कर लिया गया और कितने वर्षों के साधारण कारावास की सजा सुनाई गई?**
(a) Four/चार (b) Three/तीन
(c) Eight/आठ (d) Six/छह

**Ans. (d) :** असहयोग आन्दोलन के स्थगन के बाद गाँधी जी को 10 मार्च, 1922 को गिरफ्तार कर लिया गया। 18 मार्च, 1922 को अहमदाबाद के सत्र न्यायाधीश ब्रूमफील्ड ने गाँधी को 6 वर्ष की सजा सुनायी, लेकिन बाद में 5 फरवरी, 1924 को बीमारी के कारण उन्हें समय से पूर्व रिहा कर दिया गया।

**33. The Government of India Act, 1935 was the longest Act passed by the British Parliament for India. The Act originally passed, being very lengthy, was divided into two separate acts namely, the Government of India Act, 1935 and _______./भारत सरकार अधिनियम, 1935 भारत के लिए ब्रिटिश संसद द्वारा पारित सबसे लंबा अधिनियम था। मूल रूप से पारित अधिनियम, बहुत लंबा होने के कारण, दो अलग-अलग अधिनियमों में विभाजित किया गया था अर्थात् भारत सरकार अधिनियम, 1935 और ________ ।**

(a) Government of Dhaka Act, 1935
ढाका सरकार अधिनियम, 1935
(b) Government of Burma Act, 1935
बर्मा सरकार अधिनियम, 1935
(c) Government of White Act, 1935
व्हाइट सरकार अधिनियम, 1935
(d) Government of Cripps Act, 1935
क्रिप्स सरकार अधिनियम, 1935

**Ans. (b) :** अगस्त, 1935 में ब्रिटिश संसद द्वारा पारित भारत सरकार अधिनियम, ब्रिटिश सरकार द्वारा लाया गया सबसे लम्बा अधिनियम है। इसके वृहद आकार की वजह से इसे दो अलग-अलग अधिनियमों में बाँटा गया। यथा भारत सरकार अधिनियम, 1935 तथा बर्मा सरकार अधिनियम, 1935।

**34. The partition of Bengal infuriated people all over India and Swadeshi Movement had taken place in deltaic Andhra, it was known by which of the following names?**
**बंगाल के विभाजन ने पूरे भारत में लोगों को क्रोधित कर दिया था और डेल्टा आंध्र (आंध्र के डेल्टा क्षेत्र) में स्वदेशी आंदोलन हुआ था, इसे निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता था?**

(a) Home Rule Movement/होम रूल आंदोलन
(b) Vande Movement/आंदोलन
(c) Vandemataram Movement/वंदेमातरम आंदोलन
(d) Revolutionary Movement/क्रांतिकारी आंदोलन

**Ans. (c) :** वंदे मातरम् आन्दोलन 1905 के बंगाल विभाजन की घोषणा के बाद 11 फरवरी, 1907 को आंध्र प्रदेश में शुरू किया गया था। इस अवधि में कृष्णा जिले के लोगों में राष्ट्रीय जागृति की भावना देखी गई। इस आंदोलन के प्रमुख नेता हरिसर्वोत्थामा राव, पिंगली लक्ष्मी नारायण, कासिन धुनी वीरा, मल्लया, बोदी नारायण राव एवं अन्य थे। अप्रैल 1907 में बिपिन चन्द्र पाल ने विजयवाड़ा और मसूलीपट्टनम की यात्रा की साथ ही स्वदेशी और वंदे मातरम् की उत्पत्ति तथा अर्थ पर भाषण दिया।

**35. Which of the following is also called "Brown Coal"?/निम्नलिखित में से किसे ''भूरा (ब्राउन) कोयला'' भी कहा जाता है?**

(a) Anthracite/एन्थ्रेसाइट
(b) Lignite/लिग्नाइट
(c) Coke/कोक
(d) Sub-bituminous/सब-बिटुमिनस

**Ans. (b) :** लिग्नाइट को भूरा कोयला कहा जाता है। इसमें कार्बन की मात्रा लगभग 25-35% होती है। कोयला को चार प्रमुख प्रकारों (एंथ्रेसाइट, बिटुमिनस, लिग्नाइट तथा पीट) में विभाजित किया गया है। जिसमें सर्वोच्च प्रकार का कोयला एन्थ्रेसाइट है। भारत में छत्तीसगढ़ ओडिशा, झारखण्ड व मध्य प्रदेश अग्रणी कोयला उत्पादक राज्य हैं।

**36. All the space between particles of soil and gaps between rocks are filled with water, the upper limit of this layer is called :/मिट्टी के कणों और चट्टानों की दरारों के बीच का सारा स्थान पानी से भरा होता है, इस परत की ऊपरी सीमा कहलाती है**

(a) Water Bed/जल संस्तर (वॉटर बेड)
(b) Water Level/जल स्तर (वॉटर लेवल)
(c) Water Table/जल तालिका (वॉटर टेबल)
(d) Water Layer/जल परत (वॉटर लेयर)

**Ans. (c) :** मिट्टी के कणों और चट्टानों की दरारों के बीच का सारा स्थान पानी से भरा होता है। इस परत की ऊपरी सीमा को वॉटर लेवल कहते हैं। इसी जल को विभिन्न माध्यमों से ऊपर खींचकर मानव द्वारा उपयोग में लाया जाता है।

**37. Subhash Chandra Bose had come to East Asia on an invitation from which of the following on June 13, 1943?/13 जून, 1943 को सुभाषचंद्र बोस निम्नलिखित में से किसके निमंत्रण पर पूर्वी एशिया आए थे?**

(a) Rasbihari Bose/रासबिहारी बोस
(b) Barindra Kumar Ghosh/बारीन्द्र कुमार घोष
(c) Saratchandra Bose/शरतचंद्र बोस
(d) Chittaranjan Das/चित्तरंजन दास

**Ans. (a) :** रासबिहारी बोस के निमंत्रण पर सुभाष चन्द्र बोस 13 जून, 1943 को पूर्वी एशिया (सिंगापुर) आए। यहाँ उन्होंने इंडियन इंडिपेंडेंस लीग की अध्यक्षता ग्रहण की तथा आईएनए प्रमुख की कमान संभाली।

**38. Which part of the Himalayas is composed of unconsolidated sediments brought down by rivers?/हिमालय का कौन-सा भाग नदियों द्वारा लायी गयी असंगठित तलछट से बना है?**

(a) The Shiwalik Range/शिवालिक श्रेणी (रेंज)
(b) The Assam Himalaya/असम हिमालय
(c) The Purvanchal Range/पूर्वांचल श्रेणी (रेंज)
(d) The Kumaon Himalaya/कुमाऊँ हिमालय

**Ans. (a) :** हिमालय का शिवालिक श्रेणी नदियों द्वारा लायी गयी असंगठित तलछट से बना है। यह हिमालय की तीन श्रेणियों में सबसे दक्षिणी श्रेणी है।

**39. Where was the first Export Processing Zone (EPZ) of Asia set up in India?**
**भारत में एशिया का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (ईपीजेड) कहाँ स्थापित किया गया था?**

(a) Falta, West Bengal/फाल्टा, पश्चिम बंगाल
(b) Kandla, Gujarat/कांडला, गुजरात
(c) Visakhapatnam, Andhra Pradesh
विशाखापट्नम, आंध्र प्रदेश
(d) Santa Cruz, Maharashtra/सांता क्रूज़, महाराष्ट्र

**Ans. (b) :** भारत में एशिया का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (ईपीजेड) कांडला, गुजरात में स्थापित किया गया है। इसकी स्थापना वर्ष 1965 में की गई थी। यह एशिया का पहला ईपीजेड स्थापित क्षेत्र है।

**40. El-Nino is the complex weather system that appears once every three to seven years. Here what is the meaning of the word El-Nino?**
**अल-नीनो एक जटिल मौसम प्रणाली है जो हर तीन से सात वर्ष में एक बार दिखाई देती है। यहाँ ''अल-नीनो'' शब्द का क्या अर्थ है?**

(a) Happy Monsoon/शुभ वर्षा-ऋतु
(b) Child Christ/बाल मसीह (चाइल्ड क्राइस्ट)
(c) Early Monsoon/प्रारंभिक वर्षा-ऋतु
(d) Monsoon Child/बाल वर्षा-ऋतु

**Ans. (b) :** अल-नीनो एक जटिल मौसम प्रणाली है जो हर तीन से सात वर्ष में एक बार दिखाई देती है। यहाँ अल-नीनो शब्द का अर्थ बाल मसीह से है। यह स्पेनिश भाषा का शब्द है। यह समुद्री गर्म जलधारा है। अल-नीनो पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में सतही जल के असामान्य रूप में तापन की स्थिति को दर्शाता है। यह घटना ला-नीना की तुलना में अधिक बार होती है।

**41. Which of the following desert contains large sand dunes up to 250 metres (820 feet) high and the largest contiguous area of sandy desert on Earth?**
**निम्नलिखित में से किस रेगिस्तान में 250 मीटर (820 फीट) तक ऊँचे बड़े रेत के टीले हैं और पृथ्वी पर रेतीले रेगिस्तान का सबसे बड़ा सन्निहित क्षेत्र है?**

(a) The Namib Desert/नामीब रेगिस्तान
(b) The Sonora Desert/सोनोरा रेगिस्तान
(c) The Atacama Desert/अटाकामा रेगिस्तान
(d) The Rub al Khali Desert/रब अल खली रेगिस्तान

**Ans. (d) :** रब अली खली रेगिस्तान में 250 मीटर (820 फीट) तक ऊँचे व बड़े रेत के टीले पाए जाते हैं और यह क्षेत्र पृथ्वी पर रेतीले रेगिस्तान का सबसे बड़ा सन्निहित क्षेत्र है। यह दक्षिणी अरब प्रायद्वीप में स्थित है। इसका विस्तार सऊदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात व यमन के कुछ भागों तक हैं।

**42. During its first phase, Operation Flood linked 18 of India's Premier milksheds with consumers in India's four major metropolitan cities. Which of the following cities was not the part of this operation?/अपने पहले चरण के दौरान, ऑपरेशन फ्लड ने भारत के 18 प्रमुख दुग्धशेडों को भारत के चार प्रमुख महानगरीय शहरों में उपभोक्ताओं के साथ जोड़ा। निम्नलिखित में से कौन सा शहर इस ऑपरेशन का हिस्सा नहीं था?**

(a) Kolkata/कोलकाता (b) Bengaluru/बेंगलुरु
(c) Mumbai/मुंबई (d) Chennai/चेन्नई

**Ans. (b) :** अपने पहले चरण के दौरान, ऑपरेशन फ्लड ने भारत के 18 प्रमुख दुग्ध शेडों को भारत के चार प्रमुख नगरीय शहरों यथा- दिल्ली, मुम्बई, कोलकत्ता और चेन्नई में उपभोक्ताओं के साथ जोड़ा। ऑपरेशन फ्लड को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा 1970 में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए शुरू किया गया था।

**43. Which edition of the Five-Year Plan aimed at accelerating food grain production, increasing employment opportunities & raising productivity with focus on 'food, work & productivity' and that was very successful?**
**पंचवर्षीय योजना के किस संस्करण का उद्देश्य खाद्यान्न उत्पादन में तेजी लाना, रोज़गार के अवसर बढ़ाना और 'खाद्य, कार्य और उत्पादकता' पर ध्यान केंद्रित करते हुए उत्पादकता बढ़ाना था और वह बहुत सफल रहा?**

(a) Fifth/पाँचवीं (b) First/प्रथम
(c) Sixth/छठी (d) Seventh/सातवीं

**Ans. (d) :** भारत में सातवीं पंचवर्षीय योजना 1985-90 (Seventh Five Year Plan) का उद्देश्य खाद्यान्न उत्पादन में तेजी लाना, रोजगार के अवसर बढ़ाना और ''खाद्य, कार्य और उत्पादकता'' पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उत्पादकता को बढ़ाना था। यह योजना सफल रही और अपने निर्धारित लक्ष्य 5% से अधिक 6% की वृद्धि दर प्राप्त की।

**44. Who among the following was "the father of Indian Economic planning"?/निम्नलिखित में से कौन ''भारतीय आर्थिक नियोजन के जनक'' थे?**

(a) Dr. B.R. Ambedkar/डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(b) Mahatma Gandhi/महात्मा गाँधी
(c) M. Visvesvaraya/एम. विश्वेश्वरैया
(d) Dr. Norman Borlaug/डॉ. नॉर्मन बोरलॉग

**Ans. (c) :** भारतीय आर्थिक नियोजन के जनक सर एम. विश्वेश्वरैया को माना जाता है। इन्हें सर एम. वी. के नाम से भी जाना जाता है।

**45. Who was the first Chief Election Commissioner of Independent India?**
**स्वतंत्र भारत के प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थे?**

(a) T. Swaminathan/टी. स्वामीनाथन
(b) Sukumar Sen/सुकुमार सेन
(c) R.K. Trivedi/आर.के. त्रिवेदी
(d) Dr. M.S. Gill/डॉ. एम.एस. गिल

**Ans. (b) :** स्वतंत्र भारत के प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन थे। इनका कार्यकाल 21 मार्च, 1950 से 19 दिसम्बर, 1958 तक था। वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार है।

**46. Which chapter of the Equal Remuneration Act, 1976 contains payment of remuneration at equal rates to men and women workers and other matters?/समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 के किस अध्याय (चैप्टर) में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान दरों पर पारिश्रमिक का भुगतान और अन्य मामले शामिल हैं?**

(a) Chapter II/अध्याय II (b) Chapter I/अध्याय I
(c) Chapter III/अध्याय III (d) Chapter IV/अध्याय IV

**Ans. (a) :** समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 के अध्याय-2 (Chapter-II) में पुरुष और महिला को समान दरों पर पारिश्रमिक का भुगतान और अन्य मामले शामिल हैं।

**47. Which salient feature of GST allows the seamless flow of credits and reduces the tax burden on the end consumer?**
**जीएसटी की कौन सी प्रमुख विशेषता क्रेडिट के निर्बाध प्रवाह की अनुमति देती है और अंतिम उपभोक्ता पर कर के बोझ को कम करती है?**

(a) Input Credit Tax/इनपुट क्रेडिट कर
(b) Online Compliance/ऑनलाइन अनुपालन
(c) Composition Tax/संरचना कर
(d) Destination-based Tax/गंतव्य-आधारित कर

**Ans. (d) :** जीएसटी एक गंतव्य आधारित कर है जो निर्माता से उपभोक्ता तक आपूर्ति श्रृंखला के प्रत्येक चरण पर लगाया जाता है। इसे प्रत्येक चरण में मूल्य संवर्धन पर लागू किया जाता है। जिससे क्रेडिट का निर्बाध प्रवाह होता है और अंतिम उपभोक्ता पर कर का बोझ कम होता है।

48. **On which of the following matters Union Legislature alone has the power to legislate that is known as Residuary Powers?**
**निम्नलिखित में से किस मामले पर अकेले केंद्रीय विधानमंडल के पास कानून बनाने की शक्ति है, जिसे अवशिष्ट शक्तियों के रूप में जाना जाता है?**
(a) Livestock/पशुधन
(b) Animal Husbandry/पशुपालन
(c) Cyber Laws/साइबर कानून
(d) Trade and Commerce/व्यापार और वाणिज्य

**Ans. (c) :** संविधान की सातवीं अनुसूची में संघ सूची, राज्य सूची तथा समवर्ती सूची नामक तीन सूचियाँ दी गयी है। जो विषय इन तीनों सूचियों में नहीं सम्मिलित है वे विषय अवशिष्ट विषय कहलाते हैं। दिये गये विकल्पों में साइबर कानून एक अवशिष्ट विषय है जिस पर कानून बनाने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है।

49. **Which of the following animals possesses a well-developed water vascular system?**
**निम्नलिखित में से किस जानवर में अच्छी तरह से विकसित जल संवहनी तंत्र होता है?**
(a) Starfish/स्टारफिश (b) Sponge/स्पंज
(c) Hydra/हाइड्रा (d) Jellyfish/जेलिफ़िश

**Ans. (a) :** स्टारफिश में अच्छी तरह से विकसित जल संवहनी तंत्र पाया जाता है। यह इचिनोडर्मेटा वर्ग का समुद्री अकशेरुकी प्राणी है। इसकी ऊपरी त्वचा कैल्शियम कार्बोनेट की बनी होती है।

50. **The resistance of a conductor does not depend on which of the following factors?**
**किसी चालक का प्रतिरोध निम्नलिखित में से किस कारक पर निर्भर नहीं करता है?**
(a) Material of the conductor
चालक का पदार्थ (मटीरियल)
(b) Length/लंबाई
(c) Inversely on its area of cross-section/इसके क्रॉस-सेक्शन (अनुप्रस्थ-काट) के क्षेत्रफल के विपरीत
(d) Humidity of the conductor/चालक की आर्द्रता

**Ans. (d) :** किसी चालक का प्रतिरोध चालक के पदार्थ, लंबाई इसके क्रांस-सेक्शन (अनुप्रस्थ काट) के क्षेत्रफल से प्रभावित होता है। यह चालक की आर्द्रता पर निर्भर नहीं करता है।

51. **Which article of the Indian Constitution includes that "The Governor may address the Legislative Assembly; the Governor may send messages to the House"?**
**भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह शामिल है कि ''राज्यपाल विधान सभा को संबोधित कर सकते हैं; राज्यपाल सदन को संदेश भेज सकते हैं?''**
(a) Article 165/ अनुच्छेद 165
(b) Article 176/ अनुच्छेद 176
(c) Article 175/ अनुच्छेद 175
(d) Article 164/ अनुच्छेद 164

**Ans. (c) :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद-175 में यह शामिल है कि राज्यपाल विधानसभा को संबोधित कर सकते हैं तथा सदन को संदेश भेज सकते हैं। संविधान का अनुच्छेद 176 राज्यपाल के विशेष अभिभाषण तथा अनुच्छेद 164 राज्य सरकार में मंत्रियों के बारे में अन्य उपबंध का प्रावधान करता है।

52. **Which of the following provides a comprehensive and case details of District and Subordinate Courts and High Courts?**
**निम्नलिखित में से कौन जिला और अधीनस्थ न्यायालयों और उच्च न्यायालयों के आदेशों, निर्णयों और मामले के विवरण का एक व्यापक डेटाबेस प्रदान करता है?**
(a) National Law School of India
नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया
(b) Indian Law Institute/भारतीय कानून संस्थान
(c) National Judicial Academy
राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी
(d) National Judicial Data Grid
राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड

**Ans. (d) :** राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों एवं उच्च न्यायालयों के आदेशों, निर्णयों और मामलों के विवरण का एक व्यापक डेटाबेस प्रदान करता है।

53. **The gap between two neurons in the Human Brain is known by which of the following name?**
**मानव मस्तिष्क में दो न्यूरॉन्स के बीच के अंतर को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?**
(a) Synapse/सिनैप्स
(b) Axon/अक्षतंतु (एक्सॉन)
(c) Dendrite/द्रुमाश्म (डेंड्राइट)
(d) Impulse/आवेग (इम्पल्स)

**Ans. (a) :** मानव मस्तिष्क में दो न्यूरॉन्स के बीच के अंतर को सिनैप्स के नाम से जाना जाता है। न्यूरॉन्स और मांसपेशी कोशिका के बीच एक सिनैप्टिक कनेक्शन को न्यूरोमस्कुलर जंक्शन कहा जाता है।

54. **Find the sum of the following :**
**निम्नलिखित का योग ज्ञात कीजिए :**

$$\frac{1}{9}+\frac{1}{6}+\frac{1}{12}+\frac{1}{20}+\frac{1}{30}+\frac{1}{42}+\frac{1}{56}+\frac{1}{72}$$

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{2520}$
(c) $\frac{1}{9}$ (d) 2520

**Ans. (a) :** दिया है-

$$\frac{1}{9}+\frac{1}{6}+\frac{1}{12}+\frac{1}{20}+\frac{1}{30}+\frac{1}{42}+\frac{1}{56}+\frac{1}{72}$$

$$\Rightarrow \frac{1}{9}+\left[\frac{1}{6}+\frac{1}{12}+\frac{1}{20}+\frac{1}{30}+\frac{1}{42}+\frac{1}{56}+\frac{1}{72}\right]$$

$$\because \frac{1}{(n+1)(n+2)}=\frac{(n+2)-(n+1)}{(n+2)(n+1)}=\frac{1}{(n+1)}-\frac{1}{(n+2)}$$

$$\therefore \frac{1}{9}+\left[\frac{1}{2}-\frac{1}{3}+\frac{1}{3}-\frac{1}{4}+\frac{1}{4}-\frac{1}{5}+........+\frac{1}{8}-\frac{1}{9}\right]$$

$$=\frac{1}{9}+\frac{1}{2}-\frac{1}{9}=\frac{1}{2}$$

55. **For what value of x, statement $\left[\frac{(x)}{21}\times\frac{(x)}{189}\right]=1$ is correct?**
**x के किस मान के लिए, कथन $\left[\frac{(x)}{21}\times\frac{(x)}{189}\right]=1$ सही है?**
(a) 3969 (b) 21
(c) 63 (d) 147

**Ans. (c) :** दिया है-

$$\left[\frac{(x)}{21}\times\frac{(x)}{189}\right]=1$$

$\Rightarrow x^2 = 21\times189$

$\Rightarrow x^2 = 21\times21\times9$

$\Rightarrow x = \sqrt{21\times3\times21\times3}$

$\Rightarrow x = 63$

**56. $(81)^{-1}\times3^{-5}\times3^{9}\times(64)^{5/6}\times\left(\sqrt[3]{3}\right)^{6} = ?$**

(a) 299 (b) 288
(c) 388 (d) 188

**Ans. (b) :** दिया है-

$(81)^{-1}\times3^{-5}\times3^{9}\times(64)^{5/6}\times\left(\sqrt[3]{3}\right)^{6} = ?$

$\Rightarrow \left(3^4\right)^{-1}\times3^{-5}\times3^{9}\times\left(2^6\right)^{5/6}\times\left((3)^{1/3}\right)^{6} = ?$

$\Rightarrow 3^{-4}\times3^{-5}\times3^{9}\times2^{6\times5/6}\times3^{6/3} = ?$

$\Rightarrow 3^{(-4-5+9+2)}\times2^{5} = ?$

$\Rightarrow 3^2\times2^5 = ? \Rightarrow ? = 9\times32 \Rightarrow ? = 288$

**57. Which of the following acids is found in Unripe Mangoes?/कच्चे आमों में निम्नलिखित में से कौन सा अम्ल पाया जाता है?**

(a) Acetic Acid/एसीटिक एसिड
(b) Formic Acid/फॉर्मिक एसिड
(c) Tartaric Acid/टार्टरिक एसिड
(d) Benzoic Acid/बेन्ज़ोइक एसिड

**Ans. (c) :**

| अम्ल | | उपस्थिति |
|---|---|---|
| एसीटिक एसिड | - | सिरका |
| फार्मिक एसिड | - | मधुमक्खी/चींटी के डंक |
| टार्टरिक एसिड | - | कच्चे आम |
| बेन्जोइक एसिड | - | खाद्य पदार्थों के परिरक्षण में, |

**58. Which of the following instruments is used to measure underground water pressure and to take water sample for water quality testing?**
**निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग भूमिगत जल दबाव को मापने और जल गुणवत्ता परीक्षण के लिए पानी का नमूना लेने के लिए किया जाता है?**

(a) Manometer/मैनोमीटर
(b) Piezometer/पीज़ोमीटर
(c) Barometer/बैरोमीटर
(d) Gauge Adapter/गेज ऐडैप्टर

**Ans. (b) :** पीज़ोमीटर का उपयोग भूमिगत जल दबाव को मापने और जल गुणवत्ता परीक्षण के लिए पानी का नमूना लेने के लिए किया जाता है।

बैरोमीटर = वायुदाब
मैनोमीटर = दाब

**59. (0.0203 × 2.92)/(0.0073 × 14.5 × 0.7) = ?**

(a) 1.45 (b) 0.8
(c) 2.40 (d) 3.25

**Ans. (b) :** दिया है-

(0.0203 × 2.92)/(0.0073 × 14.5 × 0.7) = ?

$\Rightarrow \frac{0.0203\times2.92}{0.0073\times14.5\times0.7} = ?$

$\Rightarrow \frac{203\times292}{73\times145\times7} = ? \Rightarrow ? = \frac{29\times4}{145} \Rightarrow ? = \frac{4}{5} = 0.8$

**60. In Geeta's opinion, her weight is greater than 55 kg but less than 62 kg. Geeta's mother does not agree with Geeta and the thinks that Geeta's weight is greater than 50 kg but less than 60 kg. Her brother's view is that her weight can't be greater than 58 kg. If all of them are correct in their estimation, what is the average of different probable weights of Geeta?**
**गीता की राय में, उसका वजन 55 किलोग्राम से अधिक लेकिन 62 किलोग्राम से कम है। गीता की माँ गीता से सहमत नहीं है और वह सोचती है कि गीता का वजन 50 किलोग्राम से अधिक लेकिन 60 किलोग्राम से कम है। उसके भाई का मानना है कि उनका वजन 58 किलोग्राम से ज्यादा नहीं हो सकता। यदि वे सभी अपने अनुमान में सही हैं, तो गीता के विभिन्न संभावित वजनों का औसत क्या है?**

(a) 57 kg/57 किलोग्राम
(b) 56.5 kg/56.5 किलोग्राम
(c) 56 kg/56 किलोग्राम
(d) Data inadequate/अपर्याप्य डेटा

**Ans. (a) :** प्रश्नानुसार,
गीता के अनुसार वजन $\Rightarrow > 55 \ldots\ldots < 62$
गीता के माँ के अनुसार वजन $\Rightarrow > 50 \ldots\ldots < 60$
गीता के भाई के अनुसार वजन $\Rightarrow \le 58$
उपर्युक्त सभी के अनुसार संभावित वजन 56, 57 या 58 किग्रा.
$\therefore$ अभीष्ट संभावित वजनों का औसत

$= \frac{56+57+58}{3} = \frac{171}{3} \Rightarrow 57$ किग्रा.

**61. निम्नलिखित में से किस विकल्प में वाक्यांश के लिए एक शब्द सही नहीं है?**

(a) गिरने से कुछ ही बचे इमारत - ध्वंसावशेष
(b) पूर्णिमा की रात - कुहू
(c) शिव का धनुष - पिनाक
(d) ऐसी भूमि जो उपजाऊ न हो - ऊसर

**Ans. (b) :** 'पूर्णिमा की रात-कुहू' वाक्यांश एवं एक शब्द युग्म असंगत है। 'पूर्णमासी' को पूर्णिमा की रात कहा जाता है तथा कुहू 'अमावस्या' की रात को कहा जाता है, जिसमें चन्द्रमा भी न दिखाई दे। वाक्यांश एवं उनके शब्दों के अन्य विकल्प संगत हैं।

**62. 'हाथ को हाथ न सूझना' - मुहावरे का अर्थ क्या है?**

(a) असमंजस में पड़ना। (b) कुछ काम न सूझना।
(c) बहुत घना अँधेरा होना। (d) भौंचक रह जाना।

**Ans. (c) :** 'हाथ को हाथ न सूझना' मुहावरे का अर्थ है- बहुत घना अँधेरा होना।

**63. पितृ + इच्छा के योग से कौन-सा शब्द बनेगा?**

(a) पितरूच्छा (b) पित्रीच्छा
(c) पितृच्छा (d) पित्रिच्छा

**Ans. (d) :** 'पितृ + इच्छा' के योग्य से 'पित्रिच्छा'शब्द बनेगा। यहाँ यण संधि है। इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद किसी भिन्न स्वर के आने पर यण संधि के नियम से इ, ई का 'य'; उ, ऊ का व् और ऋ का र् हो जाता है।

64. **निम्न में से किस विकल्प में सभी शब्द 'तरंगिणी' शब्द के पर्यायवाची हैं?**

(a) ललना, रमणी, सरिता (b) वनिता, कामिनी, आपगा
(c) सरिता, तटिनी, निम्नगा (d) निर्झरिणी, निमग्ना, विभावरी

**Ans. (c) :** सरिता, तटिनी, निम्नगा, कूलंकषा, नदी आदि तरंगिणी के पर्यायवाची शब्द हैं। अन्य विकल्पगत शब्द असंगत हैं।

65. **निम्नलिखित में से रचनाकार और उनकी रचना के अनुसार कौन-सा युग्म गलत है?**

(a) बाणभट्ट – कादम्बरी
(b) जयशंकर प्रसाद - लोकायतन
(c) वात्स्यायन - कामसूत्र
(d) मुंशी प्रेमचंद - गोदान

**Ans. (b) :** रचनाकार एवं उनकी रचना के अनुसार जयशंकर प्रसाद लोकायतन युग्म असंगत है क्योंकि 'लोकायतन' सुमित्रानंदन पंत की रचना है। जयशंकर प्रसाद की प्रमुख रचना 'कामायनी' है।

66. **Put the correct article:**
**________ President of the United States will be in Bharat next week.**

(a) A (b) No article
(c) The (d) An

**Ans. (c) :** उपरोक्त वाक्य के रिक्त स्थान में Definite article 'The' का प्रयोग उपयुक्त होगा। क्योंकि There is only one president for a particular country तथा specific चीजों को निर्दिष्ट करने के लिए 'The' का प्रयोग होता है।

**Correct Sentence-**
The President of the United States will be in Bharat next week.

67. **A person who has an obsessive wish to steal.**

(a) Bibliomaniac (b) Kleptomaniac
(c) Theomaniac (d) Dipsomaniac

**Ans. (b) :** उपरोक्त Sentence, A person who has an obsessive wish to steal के लिए One word विकल्प (d) Kleptomaniac (चोरी करने की तीव्र इच्छा रखने वाला व्यक्ति) उपयुक्त होगा अन्य विकल्पों के अर्थ हैं।

Bibliomaniac - किताबों के लिए पागलपन/सनक
Dipsomaniac - शराब का लती, शराबखोर
Theomaniac - धर्मोन्मादी

One word for the sentence 'A person who has an obsessive wish to steal' is 'Kleptomaniac'.

68. **Fill in the blank with correct preposition:**
**Virat plays Cricket __________ Football.**

(a) Within (b) Beside
(c) After (d) Besides

**Ans. (d) :** उपरोक्त वाक्य के भाव के अनुसार रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त Preposition विकल्प (d) Besides- (के अलावा, के अतिरिक्त) होगा। अन्य विकल्प असंगत अर्थ देते हैं

**Correct Sentence-**
Virat plays Cricket besides Football.

**Read the following paragraph and answer the following questions: (Q. 69 and 70)**

The State Emblem is an adaptation of the Lion Capital of Asoka at Sarnath. In the original, there are four lions, mounted back-to-back, on a circular abacus, which itself rests on a bell-shaped lotus. The frieze of the abacus has sculptures in high relief of an elephant, a galloping horse, a bull and a lion separated by intervening Dharma Chakras. The profile of the Lion Capital showing three lions mounted on the abacus with a Dharma Chakra in the centre, a bull on the right and a galloping horse on the left, and outlines of Dharma Chakras on the extreme right and left was adopted as the State Emblem of India on January 26, 1950. The bell-shaped lotus was omitted. The motto Satyameva Jayate, which means 'Truth Alone Triumphs', written in Devanagari script below the profile of the Lion Capital is part of the State Emblem of India.

69. **Which of the following animals is not included in national emblem?**

(a) Tiger (b) Elephant
(c) Horse (d) Bull

**Ans. (a) :** उपरोक्त Passage के अनुसार National emblem (राष्ट्रीय प्रतीक) अशोक चक्र में - Tiger (बाघ) अंकित नहीं है। State Emblem में शामिल किये गए Animals, Elephant, horse, bull and lion है।

70. **What is in the centre of national emblem?**


(a) Lion (b) Dharma Chakra
(c) Bull (d) Lotus

**Ans. (b) :** उपरोक्त Passage के अनुसार राष्ट्रीय प्रतीक के मध्य में विकल्प (b) Dharma Chakra है जो कि Passage की इन पंक्तियों The profile of the lion capital showing three lions mounted on the abacus with a Dharma chakra in the centre से स्पष्ट है।

71. **Fifteen children are standing in a row facing north. Saurav is to the immediate left of Radha and is eighth from the left end. Bimal is second from the right end. Which of the following statements is not true?**
**पंद्रह बच्चे एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके खड़े हैं। सौरव, राधा के निकटतम बाईं ओर है और बाएँ छोर से आठवें स्थान पर है। बिमल दायें छोर से दूसरे स्थान पर है। निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सत्य नहीं है?**

(a) There are four children between Radha and Bimal./राधा और बिमल के बीच चार बच्चें हैं।
(b) Radha is 7th from right end.
राधा दाएँ छोर से 7वें स्थान पर है।
(c) There are five children between Saurav and Bimal./सौरव और बिमल के बीच पाँच बच्चें हैं।
(d) Bimal is 13th from the left end.
बिमल बाएँ छोर से 13वें स्थान पर है।

**Ans. (d) :** प्रश्नानुसार, क्रम व्यवस्था बनाने पर,




विकल्प (d) से,
उपर्युक्त क्रम व्यवस्था से स्पष्ट है कि बिमल बायें छोर से 14वें स्थान पर है न कि 13वें स्थान पर अतः विकल्प (d) सत्य नहीं है।

72. **Chennai is bigger than Jaipur, Surat is bigger than Kolkata. Raipur is not as big as Jaipur, but is bigger than Surat, Kolkata is not as big as Surat, which is the smallest?**